तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार, 7 अप्रैल 2024

10 ताऊ देवीलाल ने लोगों के लिए अनेक योजनाएं लागू की : राठी

10 पिंडारा तीर्थ पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़


MLN PUBLIC SCHOOL
EDUCATE · INNOVATE · CREATE
PROGRESSIVE SCHOOL WITH A DIFFERENCE
WE ARE EXCLUSIVE
- Theme based learning
- Digital Classrooms
- Collaboration Learning approach
- Tech-Savvy and Certified Faculty
- Foreign Language Classes
- Abacus & STEM Education
- Successful and proud Alumni around the country
- NCC, Scouts and Guides, A recognized NSS Unit
- Special Classes for Spoken English & Reasoning
- Emphasis on Olympiads, NTSE, NDA, NEET, IIT-JEE & CPT
SapLings
ADMISSIONS OPEN SESSION 2024-25
FREE SWIMMING CLASSES FOR ALL STUDENTS
MLN SPORTS ACADEMY
BOXING | BADMINTON | SWIMMING | TABLE TENNIS | KABADDI | CRICKET


## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**जींद।** भिवानी रेलवे फाटक के निकट रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक के शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी कपिल ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष है। उसके पास से ऐसा कुछ नही मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गलत दिशा में ट्रक खड़ा करने पर चालक दबोचा

**जुलाना।** किलाजफरगढ़ गांव के पास एनएच 152 डी पर गलत दिशा में ट्रक खड़ा करने के आरोप में चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि किलाजफरगढ़ गांव के पास एनएच 152 डी पर ट्रक चालक ने ट्रक सड़क के गलत दिशा में खड़ा कर दिया है जिससे आने जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### घर में घुस हमला करने पर छह के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बेलरखां में रंजिशन हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखां निवासी बीनू ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### रंजिश को लेकर दो के साथ मारपीट की

**कैथल।** जिले के गांव ढांड में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में ढांड के राजपाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 मार्च को ढांड के बस अड्डे के निकट नकुल, डिबल, अंकित, मन्नू आदि ने मिलकर गंडासी और तलवारों से हमला कर उसे वह उसके साथी रवि को घायल कर दिया।

### मां व बेटी से मारपीट तथा अश्लील हरकत

**जींद।** जुलाना में मां व बेटी के साथ मारपीट करने तथा अश् हरकत करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अश् समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव जुलाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाना निवासी अंकुश तथा विवेक ने उसकी बेटी के साथ अश्

### चोरी का प्रयास करने के मामले में आरोपी पकड़ा

**कैथल।** घर में चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच थाना चीका पुलिस के एचसी शिवकुमार ने करते आरोपी चीका निवासी शशि कुमार को काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी ओमप्रकाश की शिकायत दी थी कि 22 सितंबर की रात उपरोक्त आरोपी ने उसके घर में घुसकर चोरी का प्रयास किया।

### प्रताड़ना के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना शहर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जांच करते एचसी कुलदीप कौर ने पीड़िता के पति नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

## सीएम ने विजय संकल्प रैली को किया संबोधित: बोले, भारत जोड़ो यात्रा करने वाले अपने पूर्वजों से पूछें देश किसने तोड़ा

# कांग्रेस को न्याय शब्द प्रयोग करने का हक नही : नायब

## डबल इंजन की सरकार ने देश की दिशा-दशा को बदला, तीसरी बार फिर कमल खिलेगा, देश और आगे बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर हमला बोलते कहा कि भारत जोडो यात्रा करने वाले पहले अपने पूर्वजों से पूछें कि देश को किसने तोड़ा। न्याय मांगने वालों पर लंबे समय तक राज करने के दौरान उन्होंने जनता के साथ अन्याय किया। अब विपक्ष खुद स्वीकार कर रहा है फिर से भारी बहुमत के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होने डबल इंजन सरकार के कार्य भी गिनवाए।

सीएम नायब सिंह सैनी शनिवार को नई अनाज मंडी में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष के घोषणा पत्र पर आपत्ति जताते कहा कि कांग्रेस को अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करने से पहले अपने पूर्वजों द्वारा किए गए कार्य को देखना चाहिए था। ये देखना चाहिए था कि कांग्रेस के शासनकाल में देश के साथ कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में घेरलू गैस सिलेंडर के लिए लोगों को तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था। महिलाओं को पीने का पानी एक किलोमीटर दूर से भर कर लाना पड़ता था। सीमा पर खड़े जवान को पत्थरों का सामना करना पड़ता था। नौकरी के लिए पूरे गांव को विधायक और मंत्रियों के चक्कर काटने पड़ते थे। गरीब इलाज के अभाव में मर जाता था। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक वन रैंक, वन पेंशन के लिए लड़ाई लड़ रहे थे लेकिन कांग्रेस की सरकार ने किसी भी तरफ ध्यान नही दिया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो समस्याओं का समाधान किया। नायब सैनी ने कहा कि आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है और देश लगातार तरक्की की राह पर चल रहा है। देश में फोरलेन सड़कें बनाई गई हैं। रेलवे और एयर कनेक्टिविटी जोड़ी गई है। 10 सालों में 23 नए एम्स बना क र लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। आयुष्मान तथा चिरायू जैसी योजना लागू की गई है। डबल इंजन की सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का काम किया है जबकि 2014 से पहले बिजली आते ही नहीं थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पानीपत में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का नारा दिया था। हरियाणा के किसी भी गांव से बेटी को पढ़ने के लिए कॉलेज में जाने के लिए 20 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय नहीं करनी पड़ती। पूरे प्रदेश का एक भी जिला ऐसा नहीं है जो राजमार्ग से न जुड़ा हुआ हो। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश को ऐसे नेतृत्व पर गर्व है। जिसके ऑटोग्राफ लेने के लिए शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी लालायित रहते हैं। ऐसा नेतृत्व सैंकड़ों वर्षों में मिलता है। आज देश 400 पार का नारा लगा रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करवा कर भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा में भेजें।


विजय संकल्प रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सीएम नायब सिंह सैनी।


**जींद।** विजय संकल्प रैली को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी।


**जींद।** रैली के मंच पर सीएम से बातचीत करते विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

### ये मौजूद रहे

विजय संकल्प रैली में मुख्य रूप से सांसद एवं जिला प्रभारी कृष्ण पंवार, विधायक कृष्ण मिड्ढा, हांसी के विधायक विनोद भयाना, पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेंद्र पूनिया, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग, कर्मबीर सैनी, कर्मवीर सैनी, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, पूर्व विधायक जसवीर देशवाल, जसमेर रजाना, कलीराम पटवारी, जींद नगर परिषद की अध्यक्ष अनुराधा सैनी, पार्टी के जिला प्रधान राजू मोर, प्रदेश सचिव जवाहर सैनी, पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश मीडिया समन्वयक अशोक छाबड़ा मौजूद थे।

### ये भाजपा में शामिल

जींद में भाजपा की विजय संकल्प रैली में अनेक लोगों ने दूसरी पार्टियों से किनारा कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया। इनमें जींद नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले अतुल प्रताप चौहान, जनता दल यूनाइटेड के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजयपाल मघान, जदयू के पूर्व कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, पूर्व एसडीएम वीरेंद्र सांगवान, कांग्रेस से सुमित शर्मा, महेंद्र सिंह मलिक, जजपा से राजवीर शर्मा सफीदों शामिल थे।


**जींद।** अतुल प्रताप चौहान को पार्टी में शामिल करवाते सीएम नायब सिंह सैनी।

### कभी नही सोचा था 19 मंजिल बिल्डिंग जींद में बनेगी : डा मिढा

विधायक डा कृष्ण मिढा ने कहा कि जीद के विकास को लेकर उनके पिता डा स्व हरिचद मिढा ने सपना देखा था। मेडिकल कालेज को दूसरी जगह शिफट किया जा रहा था। वे पिता के साथ सीएम मनोहर लाल से मिले थे। जिनके प्रयास से आज जींद मे 19 मंजिल बिल्डिग मेडिकल कालेज की बन रही है। चारो तरफ हाईवे से कनैक्टिविटी जीद की है। सीआरएसयू मे एलएलबी की सीटे भी लाने का कार्य किया है। 400 करोड से शहर के लिए नहरी पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। सडको का निर्माण हो रहा है। लोगो की बुनियादी जरूरतो का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में तीनो विधान सभा ने भाजपा प्रत्याशी को एक लाख से ज्याद की लीड दी थी। इस बार ओर ज्यादा होगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे फिर से तीसरी बार सरकार बनेगी। अब तक देश दुनिया की पाचवी ताकत था। जो भाजपा सरकार के बनते ही तीसरी बड़ी ताकत बन जाएगा।

### सीएम हाउस के दरवाजे 24 घंटे लोगों के लिए खुले

सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने वह सभी काम तो किया ही जो सरकार ने कहे थे लेकिन वह भी काम किया, जिनका सरकार ने वादा नही किया था। कहा कि छह करोड़ मकान बना कर गरीब लोगों को देने का काम पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। कांग्रेस राज में बातें ज्यादा होती थी और काम कम होते थे। भाजपा सरकार मे बातें कम और काम ज्यादा हुआ है। कहा कि कांग्रेस के 10 साल के शासन में किसानों को फसल खराब होने पर केवल 1100 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था। जबकि भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े नौ साल में 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का मुआवजा किसानों को दिया है। कहा कि आज के दिन पार्टी दो सांसदों से शुरू हुई थी। पिछले चुनाव में पार्टी 303 सांसदों तक पहुंच गई। आने वाले समय में इसकी संख्या में और वृद्धि होगी। कहा कि सीएम हाउस के दरवाजे 24 घंटे जींद के लोगों के लिए खुले हुए हैं। कहा की मोहनलाल बडोली सांसद बनने के बाद लोगों की और बेहतर सेवा कर सकेंगे।

## विजय संकल्प रैली के माध्यम से विधायक ने किया शक्ति प्रर्दशन

- विधायक ने जींद के विकास को रखा रैली में बारिकी से जनता तथा सीएम के सामने


**जींद।** जींद नई अनाज मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैली में उमड़ी भीड़ तथा शाम तक लोगों का जमा रहना इस तरफ इशारा करती है कि यहां पर भाजपा मजबूती के साथ खड़ी है। विस स्तर की रैली के सफल आयोजन का श्रेय यहां के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिढा को जाता है। जिन्होंने अपनी जिला तथा विस पार्टी कार्यकारणी के साथ दोपहर बाद साढ़े चार घंटे तक लोगों का अपने साथ जोड़े कर रैली स्थल पर रखा। रैली के माध्यम से विधायक डा. कृष्ण मिढा ने अपनी ताकत तथा वोटर पर पकड़ का सदेश भी पार्टी को दिया है। सीधे तौर यह रैली डा मिढा का शक्ति प्रर्दशन भी रही। हांलाकि मनोजरन के पदमश्री नामित लोक कलाकार महाबीर गुडडू ने भी अपने गीतो के माध्यम से समा बाधे रखा। लोकसभा चुनाव के चलते सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन मे विजय सकल्प रैली किया था। जिसको सीएम नायब सैनी ने संबोधित किया। सीएम नायब सैनी के निशाने पर कांग्रेस पार्टी रही। जिन्होने तुलनात्मक रूप से कांग्रेस के शासल काल तथा भाजपा शासन काल के दस साल को लोगो के सामने रखा। पीएम नरेद्र मोदी तथा पूर्व सीएम मनोहर लाल की डबल इजन सरकार द्वारा देशहित तथा जनहित मे जनता को दी सौगातो के बारे मे बताया। साथ लोगो को यह भी बताया की पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे आज देश की गिनती दुनिया के ताकतवर देशो मे होती है। भाजपा का सकल्प 2047 मे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है। वह तब सभव है जब जनता भाजपा की सरकार बनाएगी। रैली को लेकर दोपहर को पहुचना शुरू हो गए थे। सीएम नायब सैनी लगभग चार बजे रैली स्थल पर पहुचे। रैली खत्म होने तक लोग रैली स्थल पर जमे रहे।

# आज भी खुला रहेगा नपा कार्यालय

- प्रॉपर्टी टैक्स अदा करने पर 10 प्रतिशत तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर पालिका में प्रॉपर्टी वेरीफिकेशन करवाने के लिए लोगों की सुविधा के लिए नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार को भी कार्यालय खुला रखा। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार राजौंद शहर में जिन भी लोगों की प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है।वह प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन करवाने के लिए नगर पालिका कार्यालय में वेरिफिकेशन आवश्य करवा लें। उन्होंने बताया कि इसके लिए कल 7 अप्रैल को भी कार्यालय खुला रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन के लिए नपा कार्यालय में रविवार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कार्यालय में संपर्क कर कोई भी त्रुटि प्रोपर्टी आईडी में है तो वह दुरुस्त करवा सकता है। कहा कि नगर पालिका कार्यालय की तरफ से किसी भी कर्मचारी का अगर फोन आए तो वह ओटीपी बताकर प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन करवाने के लिए जानकारी दे ताकि प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन हो सके। इसके लिए अगर किसी तरह की शंका हो तो कार्यालय से संपर्क कर भी जानकारी दे सकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो वह भी प्रॉपर्टी टैक्स भर दे क्योंकि प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत छूट दी गई है।


**राजौंद।** नपा कर्मचारी लोगों की समस्याओं का निराकरण करते।

# प्रॉपटी आईडी सत्यापन को लेकर लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के राजकीय वमा स्कूल के पास स्थित झीमरान कालोनी में शनिवार को प्रापडी आईडी के स्वयं सत्यापन को लेकर भारी हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान सत्यापन कार्य में लगी नगर पालिका टीम को आवासीय क्षेत्र के लोगों ने घेर लिया। हाथों में लंबे-चौड़े टैक्स के बिल लेकर पहुंचे लोगों ने कहा कि जब वे तमाम त्रुटियों को दूर करवाने के लिए नपा को फरियाद लगा चुके हैं तो समस्या का निवारण क्यों नहीं हो रहा।

हालात ये हैं कि 50 से 100 गज के मकानों में संयुक्त परिवारों के साथ सिर छिपाकर रह रहे मजदूर परिवारों पर 50 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक का टैक्स थोपा गया है। इतना ही नहीं जमीन का एरिया, मोबाइल नंबर, नाम व संबंधित महत्वपूर्ण विवरण त्रुटियों से भरे हैं। व्यापक स्तर की अनियमितताओं को दूर करवाने के लिए कामन सर्विस सेंटरों में अनापशनाप फीस ली जाती है। इतना नहीं नहीं बार-बार चक्कर काटने के भी समस्याएं हल नहीं हो रही। नगर पालिका प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा [illegible] आखिरकार मजदूर परिवारों का कसूर क्या है? उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी आईडी को दुरस्त नहीं किया जाता वे नपा प्रशासन के कामकाज का विरोध करेंगे। आवासीय क्षेत्र में प्रोपर्टी आईडी स्वयं सत्यापन करवाने [illegible] टीम में सचिन कौशिक, मोहित राणा, सुरेश चहल, कृष्ण मोर, हरदीप नैन व अन्य कर्मी शामिल थे।


**कलायत।** शिकायतों को लेकर कर्मचारियों के पास जमा आवासीय क्षेत्र के लोग

### कर्मियों का सहयोग करें: सचिव

नपा सचिव पवन शर्मा और पालिका अभियंता अशोक ने बताया कि प्रॉपटी स्वयं सत्यापन का कार्य विभिन्न तरह के भूमि विवादों का पारदर्शिता से हल करने का अभियान है। भूमि के मालिक खुद भी आन लाइन प्रक्रिया से इस कार्यवाही को पूरा कर सकते हैं। यदि किसी तरह की कोई त्रुटि या शिकायत है तो उनका आन लाइन निपटान किया जाता है। उन्होंने कर्मियों के साथ बेहतर संवाद बनाने की अपील नागरिकों से की।

### नंदगढ़ में आज होगी सर्व जातीय महापंचायत

**जुलाना।** नंदगढ़ के स्कूल में आज सर्व जातीय महा पंचायत का आयोजन जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांवों में लोगों को निमंत्रण दिए हैं। नंदगढ़ बारहा के प्रधान होशियार सिंह दलाल ने बताया कि सात अप्रैल को नंदगढ़ गांव में सर्व जातीय महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसान नेता रमेश दलाल को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के गांव में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। रमेश दलाल ने जुलाना क्षेत्र में एनएच 152 डी के भुमि अधिग्रहण के आंदोलन में अहम भूमिका निभाते जमीन के कलेक्टर रेट को बढ़वाकर किसानों को उनका हक दिलाने का काम किया था। अब जुलाना क्षेत्र के किसान एक सर्व जातीय महापंचायत कर उन्हें सात अप्रैल को सम्मानित करेंगे।

## चीका अनाज मंडी में चौथे दिन गेहूं का एक भी दाना नहीं पहुंचा

# गेहूं को खरीदने के लिए सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा सरकार द्वारा गेहूं की खरीद शुरू करीब एक सप्ताह का समय हो गया है परंतु अभी तक मंडी में गेहूं का एक भी दाना नहीं आया है। मालूम रहे कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करने के आदेश जारी हुए हैं, जिसको लेकर प्रशासन ने चीका मंडी में भी किसानों की गेहूं को खरीदने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर रखी हैं और उम्मीद थी कि मंडी में ज्यादा नहीं तो गेहूं की इक्का-दुक्का ढेरियां तो आनी शुरू हो ही जाएंगी परंतु मंडी में गेहूं की एक भी ढेरी ना आने से अधिकारियों को तो खाली हाथ लौटना ही पड़ा। हालांकि मंडी सचिव सतबीर राविश ने दावा किया है कि मंडी में गेहूं की आवक को लेकर उनकी पूरी तैयारी है और जब भी किसान गेहूं लेकर आएंगे तो वे गेहूं की खरीद शुरू करवा देंगे।


**गुहला चीका।** मंडी में गेहूं न आने के कारण खाली पड़ा मंडी का फड़।

### पारदर्शी तरीके से किया जाएगा गेहूं खरीद का कार्य

इस बीच एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार ने बताया कि गेहूं खरीद का कार्य पूरी पारदर्शी तरीके से किया जाएगा और मंडी में जो भी किसान गेहूं लेकर आएगा नतीजतन उसके मंडी में आने से लेकर जाने तक, गेट पास काटने, तोल व उठान आदि का सारा कार्य सी.सी.टी.वी. की निगरानी में होगा ताकि यदि कहीं से किसी प्रकार की कोई शिकायत आती है तो सी.सी.टी.वी. कैमरे का सहारा लेकर उसकी पुष्टि की जा सके। उन्होंने बताया कि सीजन के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे दोनों मंडियों में 24 घंटे निगरानी करेंगे, जिससे मंडी में होने वाली हर गतिविधि रिकार्ड हो जाएगी और गेहूं की चोरी करने वाले चोरों पर भी कड़ी निगरानी रहेगी। बताया कि मंडियों में चौकीदारों का भी विशेष प्रबंध कर दिया गया है। एस.डी.एम. गुहला कृष्ण कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु मार्किट कमेटी चीका के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी खरीद केंद्रों अगौंध, अरनौली, बलबेहड़ा, बाऊपुर, भागल, कम्हेड़ी, भूसला, कांगथली व रामथली में भी नियमित रूप से गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त केंद्रों में भी हैफेड व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गेहूं की खरीद की जाएगी, जिसको लेकर सभी खरीद केंद्रों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### नागरिक अस्पताल में खड़ी कंडम गाड़ियों में लगी आग

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पीछे की तरफ बनाए गए क्वार्टरों के पास खड़ी कंडम गाड़ियों में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश पंचाल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल यह पता नहीं लग पाया है कि गाड़ियों में आग कैसे लगी।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में क्वार्टर के निकट कंडम गाड़ियों को खड़ा किया गया है।शनिवार को इन गाड़ियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिस पर तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आगजानी में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश पंचल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल यह पता नहीं लग पाया है कि आग कैसे लगी।

## खबर संक्षेप

### नागरिक अस्पताल में फल वितरित किए

**जींद।** मानव उत्थान सेवा समिति व मानव कल्याण आश्रम द्वारा शनिवार को सद्गुरू सतपाल महाराज की प्रेरणा से महात्मा संजीवनी बाई व सावित्री बाई के दिशा-निर्देशन में नागरिक अस्पताल में फल वितरित किए। समिति सदस्यों की अगुवाई डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व डा. मनजीत ने की। सुरेश, रमेश, पालाराम, अंकित रमेश कुमार, सोनू, लक्ष्मीनारायण मौजूद रहे।

### दाखिले के लिए किया ग्रामीणों को जागरूक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गांव करसोला में सरकारी स्कूल के अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा दाखिले के लिए अभियान चलाया गया। स्कूली स्टाफ ने घर घर जाकर ग्रामीणों को सरकारी स्कूल में बच्चों के दाखिले के लिए जागरूक किया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में हर प्रकार की सुविधा है और नामात्र फीस ली जाती है।

### अलग-अलग जगह से दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में दो स्थानों से दो युवतियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय भतीजी घर से गायब हो गई। वहीं रूपनगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से डयूटी के लिए निकली थी।

### कैरखेड़ी में बाड़े से आठ पशु चोरी

**जींद।** गांव कैरखेड़ी में बीती रात चोरों ने दो पशुपालकों के आठ सुअरों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कैरखेड़ी निवासी जसवंत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े का ताला तोड़ कर पांच सुअर तथा पड़ोसी सुलतान के तीन सुअरों को चोरी कर लिया।

### हर वर्ग का रखवाला है दुष्यंत चौटाला : गंगादत्त

**उचाना।** जजपा बीसी सेल के प्रधान गंगादत्त पांचाल ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हर वर्ग के रखवाले है। सत्ता में रहते हुए साढ़े चार साल तक हर वर्ग के हित में काम किए है। बीसी समाज को पूरा-सम्मान दुष्यंत चौटाला ने देने का काम किया है। गरीब व्यक्ति का हाथ पकड़ कर कोई उसकी सुनवाई कर सकता है तो वो स्व. देवीलाल की परछाई दुष्यंत चौटाला है।

### गाइड विंग ने चलाया जागरूकता अभियान

**जींद।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त गाइड विंग उषा गुप्ता के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया जो राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां से शुरू किया गया। जिला संगठन आयुक्त गाइड विंग उषा गुप्ता ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूती मिले और सभी को अपने अधिकारों कि जानकारी हो।

### सेवा- सिमरन और दान से कल्याण

**जींद।** महान कलाधारी महाराज का प्रकट दिवस नई अनाज मंडी के सामने महान नगरी कला धाम मंदिर में षि सुखदेव महाराज के पावन सानिध्य में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्य आनंद अनुभूति सत्संग व प्रवचन एवं नाम दीक्षा समारोह व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

### लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट आफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने शनिवार दोपहर बाद जींद के पटियाला चौक रेलवे रोड एरिया में सफाई अभियान चलाया। सेव संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 375वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया।

## स्वर्गीय देवीलाल की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

# ताऊ देवीलाल ने लोगों के लिए अनेक योजनाएं लागू की : राठी

- देवी लाल सन 1987 में प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1989 में देश के उपप्रधानमंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। स्व. देवीलाल को श्रद्धांजलि देते हुए जजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी की जिला ईकाई द्वारा स्वर्गीय ताऊ देवी लाल की 23वीं पूण्यतिथि देवी लाल चौक रोहतक रोड पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। चौधरी देवी लाल 25 सितंबर 1914 को सिरसा जिला के तेजाखेड़ा गांव में लेखराम सिहाग के घर पैदा हुए और छह अप्रैल 2001 को देह त्याग किया था। परंतु उनकी आत्मा आज भी हरियाणा प्रदेश के लोगों में निवास करती है। चौधरी देवी लाल सन 1987 में हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1989 में देश के उपप्रधानमंत्री बने। इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों प्रकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया। जिला प्रधान कृष्ण राठी व जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि एवं प्रदेश प्रचार सचिव कुलदीप रंधावा ने बताया कि उन्होंने साईकिल टोकनए टीवी व रेडियों के टोकन व चुंगी कर को समाप्त करने का कार्य किया। वहीं पर गांव.गांव चौपाल बनवानेए जच्चा-बच्चा योजना और स्कूली छात्रों के बस पास और वृद्धावस्था सम्मान भत्ता जैसी अनेकों जन.कल्याणकारी योजनाएं लागू कीए उन्होंने पिछड़ा वर्ग ओर अनुसूचित जाति के लिए नंबरदारी व राजनीति में हिस्सेदारी देने का काम किया। वह अपने आप में एक व्यक्ति न होकर एक संस्था थी उनका दर्शन.शास्त्र अतुलनीय था। जिसके कारण वह इस तरह की योजनाएं निकाल कर लाते थे। वह त्याग की एक मिसाल रहे हैं। जिन्होंने अपने वचन को निभाते हुए देश के सवार्ेच्च पद प्रधानमंत्री का पद भी त्यागने का कार्य किया। आज जननायक जनता पार्टी उनकी नीतियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसके लिए पूर्व में उपमुख्यमंत्री रहे दुष्यंत चौटाला ने सरकार का हिस्सा बन कर उनकी नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया। अब देश व प्रदेश में दुष्यंत चौटाला लगातार हर वर्ग के उत्थान के लिए आवाज बुलंद कर रहा है। उनका लक्ष्य है कि बुजुगोंर् को पांच हजार रुपये पेंशनए युवाओं को सरकारी नौकरी, महिलाओं की हिस्सेदारी हर क्षेत्र में बढ़ाना। उपमुख्यमंत्री के पद पर रहते उन्होंने कमेरे वर्ग की आवाज को देवीलाल के पदचिन्हों पर चलते हुए उठाने का काम किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

### किसान और कमेरे वर्ग की बुलंद आवाज थे ताऊ देवीलाल



**नरवाना।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री व किसान कमेरे वर्ग की बुलंद आवाज चौधरी ताऊ देवीलाल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अंकुश परोचा रेवर प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय मजदूर किसान मंच एवं इंडियन नेशनल लोकदल नेताए हल्का नरवाना ने ष्लोकराजए लोकलाज से चलता है ताऊ देवीलाल की इस सोच को सम्मान देकर सशक्त बनाने के लिए जींद पहुंच चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व विधायक जिला अध्यक्ष रामपाल कुंडूए महिला प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा देवी ए एससी प्रदेश अध्यक्ष वेद सिंह मुंडे ए बीसी प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार पवार ए हरियाणा रा'य प्रवक्ता विजेंद्र रेड्डी ए हल्का प्रधान अंग्रेज नैन ए युवा जिला अध्यक्ष प्रदीप नैन ए एससी जिला अध्यक्ष संदीप पवार ए महिला जिला अध्यक्ष संतरो जागलान एदलेर सिंह कुंडू एविनोद भाणा ए रामपाल उझानाए सत्यवान बेदीए सुनील नायक एराहुल राणा ढाबी संग अन्य साथी मौजूद रहे।

### स्व. ताऊ देवीलाल की 23वीं पूण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**जींद।** इनेलो द्वारा स्व. ताऊ देवीलाल की 23वीं पूण्यतिथि पर शनिवार को देवी लाल चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। चौधरी देवी लाल 25 सितंबर 1914 को सिरसा जिला के तेजाखेड़ा गांव में लेखराम सिहाग के घर पैदा हुए और छह अप्रैल 2001 को देह त्याग किया था। परंतु उनकी आत्मा आज भी हरियाणा प्रदेश के लोगों में निवास करती है। देवीलाल 1987 में हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री और 1989 में देश के उपप्रधानमंत्री बने। इस दौरान उन्होंने देश व प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों प्रकार की जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया। उन्होंने साइकिल टोकन, टीवी व रेडियो के टोकन व चुंगी कर को समाप्त करने का कार्य किया।

# कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र सराहनीय : गांगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोडमैप साबित होगा कांग्रेस का घोषणापत्र : सुभाष गांगोली
- पूर्व सीएम हुड्डा की कमेटी के सुझाव न्याय पत्र में शामिल
- किसानों के लिए होगी एमएसपी की गारंटी व कर्जमाफी



विधायक सुभाष गांगोली।

कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने कांग्रेस द्वारा जारी चुनावी घोषणा पत्र की सराहना की और कहा कि यह घोषणा पत्र हर वर्ग के लिए न्याय और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का रोड मैप साबित होगा। इसलिए इसे न्याय पत्र का नाम दिया गया है। कांग्रेस सरकार बनने पर इसके हरेक वादे को अमलीजामा पहनाया जाएगा। सफीदों कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने इस बात को लेकर भी खुशी जाहिर की कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कमेटी ने पार्टी के उदयपुर और रायपुर महाधिवेशन में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए जो सुझाव दिए थे। उन्हें न्याय पत्र में स्थान मिला है। इसके लिए सुभाष गांगोली ने पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस ने किसानों की सबसे बड़ी मांग को मानते हुए कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा किया गया है। साथ ही हरेक गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख की मदद व मनरेगा मजूदरों को 400 रुपए रोज दिहाड़ी देने का ऐलान भी न्यायपत्र में शामिल है। सुभाष गांगोली ने बताया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवा, किसान, नारी, श्रमिक और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थी। उसी को जमीन पर उतारने के लिए पार्टी ने 25 गारंटियों को घोषणापत्र में स्थान दिया है।

### टैक्स सुधारों पर ठोस विजन रखा

देश व प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए पार्टी ने युवा न्याय ये तहत युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी दी गई है। साथ ही हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रूपया प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी, पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी, 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्टअप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी न्याय पत्र में शामिल है। सामाजिक, आर्थिक समानता के लिए पार्टी ने हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना का ऐलान किया है। न्याय पत्र में संवैधानिक न्याय खंड में लोकतंत्र बचाओ, भय से मुक्ति से लेकर मीडिया, न्यायपालिका की आजादी, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जैसे मुद्दे हैं। इसमें अर्थव्यवस्था से लेकर कला, संस्कृति जैसे तमाम विषयों को स्थान दिया गया है। सुभाष गांगोली ने बताया कि न्याय पत्र में आर्थिक न्याय के लिए आर्थिक नीतियों में बदलाव, बेरोजगारी पर नकेल कसने व टैक्स सुधारों पर ठोस विजन रखा गया है। रा'य न्याय के तहत संघीय ढांचे को मजबूती देने के लिए केंद्र तथा रा'यों के संबंधों में और व्यापकता लाने की बात भी इसमें शामिल है।

# राहुल अव्वल व अन्नु द्वितीय

- राजकीय महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



**अलेवा।** राजकीय कालेज अलेवा में अव्वल विद्यार्थियों के साथ स्टाफ सदस्य।

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी विभाग द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इसकी अध्यक्षता विभाग की संयोजक सुमन खटक ने की तथा मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच मुकाबले कराए गए। भाषण प्रतियोगिता में राहुल प्रथम, अन्नु द्वितीय व जगबीर ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि हिंदी भाषा विकास की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विद्यार्थी अपनी मंजिल हासिल कर तरक्की की ओर कदम बढ़ा सकते है। ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में आगे बढने की प्रेरणा मिलने के अलावा मानसिक शक्ति भी मजबूत होती है। सभी विद्यार्थियों को कालेज में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा में निखार लाना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के अलावा कालेज का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।

### पांच दिन तक कुएं में रहा घायल

**जींद।** गांव लखमीरवाला से गत 31 मार्च को रधाना गांव में शादी समारोह में गए राजेश के लापता होने पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। घटना के पांच दिन बीतने के बाद राजेश को घायल अवस्था में पांडू पिंडारा से लखमीरवाला गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर खेतों में एक कुएं से शुक्रवार को बरामद किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल राजेश के परिजनों ने बताया कि वह 31 मार्च को रधाना गांव में आयोजित शादी समारोह में काम काज निपटाकर वापस अपने घर आ रहा था। जब वह रात को लगभग साढ़े दस बजे पांडू पिंडारा गांव से लखमीरवाला गांव की तरफ जा रहा था तो दो युवक निर्जन व एक उनके गांव का ही मिला। उन्होंने उसका रास्ता रोक कर हत्या करने के प्रयास में लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद वह उसको खेतों में ले गए। जहां पर एक ट्यूबवैल के गहरे कुएं में उसको फेंक दिया। घटना पांच दिन बीतने तक वह कुएं में ही तड़पता रहा। शुक्रवार को उसकी तड़पने की आवाज खेत मालिक को सुनाई दी तो उसने पुलिस को सूचना दी।

# जनता भाजपा की नीतियों से संतुष्ठ: जसबीर

- पूर्व विधायक जसबीर देशवाल के आवास पर अभिनंदन-मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



**सफीदों।** मोहनलाल बडोली का स्वागत करते जसबीर देशवाल।

जसबीर देशवाल युवा क्लब ने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के सफीदों आगमन पर शंकर भवन में अभिनंदन व मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व विधायक जसबीर देशवाल संग सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोहनलाल का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मोहन लाल ने कहा कि भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम है। ये ताकत एक बार फिर से केंद्र और प्रदेश में सरकार बनाएगी। अपने मजबूत कार्यकर्ताओं से भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार को हर वोटर तक पहुंचाना है और तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाना है। पूर्व विधायक जसबीर ने साथियों संग संकल्प लिया कि उनके सभी साथी घर घर जाकर भाजपा का प्रचार करेंगे और मोहन लाल को बड़ी जीत के साथ संसद में भेजेंगे। हलके की जनता भाजपा की नीतियों से बेहद संतुष्ठ है और इसका प्रमाण वो 25 मई को कमल का बटन दबा कर देगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, अमरपाल, पूर्व चेयरमैन रणबीर , नपा चेयरमैन संजय बिट्टा सहित कई गांवों के सरपंच, नप व हलके के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**उचाना।** सुलेख प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी।

### सुंदर लिखाई व्यक्तित्व का दर्पण : रीतू अत्री

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशल स्कूल कसूहन में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हिंदी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर अक्षरों की बनावट को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी लिखाई की महत्ता को समझते हुए अक्षरों की बनावट को सीखा। प्रधानाचर्या रीतू अत्री ने बताया कि सुंदर लिखाई व्यक्ति के व्यक्तित्व का दर्पण हैं। व्यक्ति की लिखावट उसके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक छात्र के लिए एक अच्छी लिखावट उसे अच्छे अंक दिला सकती है। अच्छी लिखावट भी इंसान को कलाकार बना सकती है। लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा के विभिन्न श्रेणी में विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्गों में बांटा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी, पूजा का विशेष योगदान रहा।

# मतदान जागरूकता रैली निकाली

- निष्पक्ष मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत : नफे सिंह शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक के विद्यालय रामराये में शनिवार को प्राचार्य डा. दलजीत बिसला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीएलओ नफे सिंह शास्त्री ने वोट जरूर बनवाएंगे, लोकतंत्र सफल बनाएंगे नारे से की तथा उन्होंने मतदान की महता एवं 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया और बताया कि 18 वर्ष की उम्र पूरा होते ही हर युवा को अपना वोट बनवा कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए। निष्पक्ष मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है, इसलिए हमें सोच समझ कर समाज और देश के विकास के लिए मतदान करना चाहिए। इस दौरान निष्पक्ष मतदान एवं लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ भी बीएलओ नफे सिंह शास्त्री ने दिलाई। सुपरवाइजर कुलदीप लोहान ने बताया कि धर्म, जाति और संप्रदाय से ऊपर उठ कर ही किसी योग्य उम्मीदवार को अपना वोट देना चाहिए। कोई भी व्यक्ति किसी भी मतदाता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव नहीं बना सकता। प्राचार्य डा. दलजीत बिसला ने मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रंगकर्मी रमेश भनवाला, राजकुमार लोहान मौजूद रहे।



**जींद।** बच्चों को जागरूक करते मनोचिकित्सक नरेश जागलान।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वासः सिहाग

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में मनोचिकित्सक नरेश जागलान ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र'जवलन के द्वारा किया गया। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नियोजित विषय मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय को उद्घाटित करते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक किया। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को कैसे दुरस्त रखना है, इस विषय की जानकारी दी। भारतीयों के स्वास्थ्य सबंधी आंकड़ों पर विद्यार्थियों से चर्चा की। मोबाइल के दुरूपयोग पर प्रकाश डालते हुए उससे दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी नृत्य प्रस्तुत कर के स्वस्थ रहने का संदेश दिया। निदेशिका अंजू सिहाग ने विद्यार्थियों को कहा कि जीवन अनमोल है, हमें अपने स्वास्थ्य का निरंतर ध्यान रखते हुए आगे बढ़ना है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यअतिथि को स्मृति चिह्न व शाल भेंट स्वरूप देकर उनका धन्यवाद किया।

## चैत्र माह कृष्ण पक्ष की सोमवती अमावस्या पर पितृ तर्पण का विशेष महत्व

# पिंडारा तीर्थ पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ। फोटो : हरिभूमि

इस बार चैत्र माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि आठ अप्रैल को है। सोमवार को होने के कारण इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है। इस दिन देवों के देव महादेव और मां पार्वती की विशेष पूजा और व्रत करने का विधान है। साथ ही पितरों का तर्पण किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है और व्रती को अखंड सौभाग्य, खुशहाली और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि का प्रारंभ आठ अप्रैल को सुबह तीन बजकर 21 मिनट से होगा और इस तिथि का समापन इसी दिन रात को 11 बजकर 50 मिनट पर होगा।

**वर्ष 2024 की पहली सोमवती अमवस्या :** वर्ष 2024 की पहली सोमवती अमावस्या आठ अप्रैल (सोमवार) को है। ऐसे में पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार को सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु सरोवर में स्नान कर तर्पण करेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर रखी हैं। स्पेशल पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई हैं। वहीं वालेंटियर व श्रद्धालु व्यवस्था की कमान संभालेंगे। जींद-गोहाना मार्ग पर जाम की स्थिति न रहे, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस भी कमान संभाले रहेगी।

### 2024 में तीन सोमवती अमावस्या के बनेंगे योग

- पहला योग आठ अप्रैल को।
- दूसरा योग दो सितंबर को
- तीसरा योग 30 दिसंबर को

### पिंडारा तीर्थ का ये है महत्व

पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।

### ये रहेगी सोमवती अमवस्या की पूजा-विधि



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह जल्दी उठ कर स्नान करें। इस दिन पवित्र नदी या सरोवर में स्नान करने का विशेष महत्व रहता है। अगर सरोवर या नदी में स्नान नहीं किया जा सकता है तो घर पर ही नहाने के पानी में गंगा जल डाल कर स्नान कर सकते हैं। स्नान करने के पश्चात घर के मंदिर में दीप प्रज्जवलि करें। सूर्य देव को अर्ध्य दें। अगर उपवास रख सकते हैं तो अवश्य रखें। पितरों के निमित्त तर्पण और दान अवश्य करें।



**उचाना।** सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर आयोजित मीटिंग।

### समाजहित के लिए काम कर रही खाप-पंचायत : घसो

**उचाना।** सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर खाप की मीटिंग हुई। अध्यक्षता खाप के प्रधान सूरजभान घसो ने की। मीटिंग में समाज में फैली सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए गांवों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर चर्चा की। चबूतरे पर चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा भी मीटिंग में की। खाप के गांवों के लोगों से चबूतरे पर चल रहे निर्माण कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया गया। सूरजभान घसो ने कहा कि पालवां गांव में बना सर्व जातीय दाड़न खाप का अडरग्रांउड चबूतरे पूरे प्रदेश का पहला चबूतरा है जो अंडरग्राउंड है। यहां पर लाइब्रेरी का निर्माण भी अंडरग्रांउड जो चबूतरा है वहां पर किया गया है। खापों की भूमिका समाज हित में आज को लेकर नहीं बल्कि सदियों पुरानी है। समाज के भाईचारे को बनाने का काम खाप, पंचायतें करती आ रही है। जो फैसले समाज हित में खाप लेती है वो कोई नहीं लेता है। उन्होंने कहा कि खाप के गांवों में बेटियों को पढ़ाने, खेलों के लिए प्रोत्साहित करने, जल बचाने, पौधे लगाने सहित अन्य सामाजिक कामों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। युवाओं की टीम के साथ-साथ ग्रामीणों, युवा संगठनों का इसको लेकर सहयोग लिया जाएगा। चुनाव में अपने मत का शत-प्रतिशत प्रयोग करें। प्रजतंत्र में मत से बड़ी कोई ताकत नहीं होती है।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर बीर सिंह की अगुवाई मे एचसी दीपक कुमार की टीम द्वारा गांव भैर साहब जिला पटियाला पंजाब निवासी आरोपी बिट्टू को काबू कर लिया गया। आरोपी पर 2 अगस्त 2020 को खुराना रोड़ कैथल से बाइक चोरी करने के आरोप है।

### चीका में आज से प्रारंभ होगी राम कथा

**गुहला चीका।** अग्रवाल धर्मशाला चीका में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा रविवार से श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के एक प्रवक्ता के अनुसार कथा 11 अप्रैल तक चलने वाली कथा में साध्वी सुश्री गौरी भारती श्रद्धालुओं को संगीतमय राम कथा का श्रवण करवाएंगी।

### छात्राओं ने शेक्सपियर के नाटक का मंचन किया

**पूंडरी।** ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की साहित्यिक समिति के द्वारा साहित्यिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बीए फाइनल की छात्राओं द्वारा शेक्सपियर रचित नाटक मर्चेंट ऑफ वेनिस के ट्रायल सीन का सुंदर मंचन किया गया। जिसमें करिश्मा ने पटकथा लिखी, सिया ने सूत्रधार की भूमिका निभाई, पूजा ने मोर्शिया, 'योति ने नेरिसा, नीरू ने एंटोनियो, चैतन्य शॉयलक, महक ने वैसेनियों, हेमलता ने इयूक का रोल निभाया।

### शोरूम से लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** शहर के ढांड रोड पर चोरों ने एक रेडिमेड कपड़ों के शोरूम को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी व सामान चुराया। इस मामले में शोरूम के मालिक ने सिविल लाइन थाना में अपनी शिकायत दे दी है। शिकायत के बाद पुलिस ने भी मामले में जांच शुरू कर दी है।

### खेत से सामान चुराने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** खेत से सामान चोरी करने के एक मामले में सीवन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एचसी सतीश कुमार की टीम ने करते हुए सीवन निवासी आरोपी शमशेर व जसमेर व जुंडला करनाल निवासी रामनिवास को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।

### नवरात्र को लेकर मंदिरों की तैयारियां जोरों पर

**जौंद।** नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों की तैयारियां जोरों पर चली हुई है। आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि नवरात्रे 09 से शुरू हो रहे है। आचार्य ने बताया की वैसे तो भारत वर्ष में सभी पर्वों की विशेष पूजा होती है,परंतु नवरात्रों की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रों के दौरान की गई पूजा से भगतों को मां दुर्गा भवानी मन वांछित फल देती है तथा भगतों द्वारा की गई पूजा आराधना से प्रसन्न होकर मां भगवती उनके कष्टों का हरण करती है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में नवरात्रे पर्व चार बार आते हैं, जिसमें दो बार गुप्त तथा दो बार खुले नवरात्रों की पूजा की जाती है।

### मोटरसाइकिल रैली में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

# भाजपा के स्थापना दिवस पर युवा मोर्चा ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भाजपा पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा गुहला विधानसभा में युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेश बलबेहड़ा डॉक्टर संदीप संजू शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पूरे शहर में जय भाजपा तय भाजपा अबकी बार 400 पार के नारे गूंजे।

शहर वासियो ने भी भाजपा रैली का पूरा समर्थन किया। भाजपा कार्यकर्ता भवानी मंदिर मे एकत्रित हुए। और पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए राजेश शर्मा ने कहा की भाजपा पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। जो कार्यकर्ताओ की बदौलत है। कार्यकर्ताओ ने पार्टी कों शिखर तक ले जाने की लिए दिन रात मेहनत की है। भाजपा मे छोटे से छोटे कार्यकर्ता कों पूरा मान सम्मान दिया जाता है। आज भारतीय जनता पार्टी पन्ना प्रमुख तक पहुंच गई है। देश वासी अबकी बार फिर देश का नेतृत्व प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी के हाथ मे देने के लिए तैयार है। हरियाणा प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खेलगा भाजपा कार्यकर्ताओ ने चीका शहर मे बाइक रैली निकाल कर पार्टी का प्रचार किया। रैली मे भारत माता की जय नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद भाजपा जिंदाबाद के नारे लगे, इस अवसर पर ओमता राम, विजय कम्बोज, रिंकू वाल्मीकि रीवाड़, जसविन्द्र भुना, जसविन्द्र गगड़पुर, सलिंदर वाल्मीकि, विजय सिंगला, मनोज वाल्मीकि, मोहन लाल, श्याम लाल, डॉ रिछपाल, देवराज खत्री, नवीन कुमार, मोजूद रहे ।



पूंडरी। गुहला चीका भाजपा युवा मोर्चा मोटरसाइकिल रैली निकालते।

### 400 पार का नारा सार्थक सिद्ध होगा

**पूंडरी।** पूंडरी के पाई रोड़ के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव देवेंद्र पांचाल ने भाग लिया। इस मौके पर पूंडरी में कांग्रेस के युवा नेता सुरेंद्र उर्फ काका सैनी ने अपने साथियों सहित कांग्रेस को छोडकर देवेंद्र पांचाल के नेतृत्व में भाजपा को ज्वाइन किया। देवेंद्र पांचाल ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाया और कहा कि पार्टी में उन्हें भी पुराने साथियों की तरह पुरा मान-सम्मान दिया जाएगा। काका सैनी ने कहा कि वे लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के साथ जूड़े रहे। भाजपा की कल्याणकारी नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से प्रभावित होकर ही उन्होंने भाजपा में आने का मन बनाया है। जिसमें छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी अपने मेहनत और काबिलियत के बल पर पार्टी के शीर्ष स्थान तक भी जा सकता है। देवेंद्र पांचाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश विश्व शक्ति बनने की तरफ अग्रसर है और देश का हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने जो युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची के पुरी पारदर्शिता से नौकरियां देने का काम किया है, उसका हर नागरिक कायल है। जिसकी बदौलत इस 400 पार का नारा सार्थक सिद्ध होगा। जनता तीसरी बार भी प्रदेश व देश में भाजपा को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। इस मौके पर पूर्व पार्षद जयपाल उर्फ बोबी सैनी, रोशन सैनी जिला सचिव, सुशील सैनी मंडलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, जितेंद्र कोच, बलबीर सैनी, जंगीर सैन व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



राजौंद। सुरेंद्र उर्फ काका सैनी को भाजपा ज्वाइन करवाते देवेंद्र पांचाल।

### राजौंद में भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**राजौंद।** भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर राजौंद में साहिल राणा प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा राजौंद में स्थापना दिवस के लिए कार्यक्रम करवाया गया। इसमें मुख्यातिथि भाजपा युवा नेता तुषार ढांडा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सजूमा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि 90 विधानसभा क्षेत्रों में युवा भाजपा मोर्चा द्वारा इस रैली का आयोजन किया गया। भाजपा ने सदा देश प्रदेश हित में कार्य किए है, जिससे पार्टी इतनी बढ़ी शक्ति के रूप में देश में राज चला रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह क्षेत्र में दिलों जान से मेहनत करके पार्टी को ओर भी मजबूत करेंगे। इस दौरान कपिल दीक्षित मंडल अध्यक्ष, साहिल राणा प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, मंजीत राणा नपा उप चयेरमैन प्रतिनिधि, डा. संजय राणा पार्षद, सोनू राणा पार्षद प्रतिनिधि, राजेंद्र राणा पार्षद प्रतिनिधि, अनुराग, राजबीर, विकास राणा पार्षद, पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, मंडल महामंत्री सुशील पांचाल, लोकेश राणा आई टी सैल, जोनी राणा मंडल महामंत्री, कमल राणा जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, अशोक सहित भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संघर्ष समिति के सदस्यों ने काले झंडा दिखाकर रोष जताया

राजौंद में सीवरेज हटाओ कालेज बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने काले झंडा दिखाकर रोष जताया। शनिवार को भाजपा नेता तुषार ढांडा का राजौंद में कार्यक्रम था, जिसे लेकर लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध किया। जींद मोड़ पर भारी पुलिस बल तैनात करके नाके लगाकर एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया गया था। मौके पर तितरम एच ओ सुनीता, पूंडरी थाना से सब इंस्पेक्टर रामबीर पुलिस फोर्स के साथ, कलायत थाना प्रभारी रामनिवास पुलिस फोर्स, राजौंद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार के अलावा भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान संघर्ष समिति सदस्यों के लोगों का कहना था कि वह पिछले 71 दिनों से राजौंद में बस स्टैंड के सामने कालेज बनाओ को लेकर धरना दे रहे है।







कैथल। काले झंडे दिखाकर रवाना करते तथा मौके पर पुलिस बल तैनात।

# कर्मठ, मेहनती, योग्य उम्मीदवार का चुनाव करने के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट महाविद्यालय कैथल के सभागार भवन में चुनाव का पर्व विषय पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को चुनाव में अपने वोट के महत्व के प्रति जागरूक किया और अपने आसपड़ोस, गांव, मोहल्ला, शहर के सभी लोगों को वोट डालने व सही ईमानदार, कर्मठ, मेहनती योग्य उम्मीदवार का चुनाव करने के लिए जागरूक किया। प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर अजीत सिंह एवं प्रोफेसर मोनिका मान ने भी बच्चों को चुनाव का पर्व को सफल बनाने लेने के लिए कहा। जाट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार ढिल्लों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो राजपाल चहल, प्रो सुखवीर, डॉ संदीप धालीवाल, प्रो विकास नैन, डॉ रेणुका, डॉ राजेश, प्रो राजपाल, प्रो सुशील मालिक, डॉ प्रमिला कुंडू , प्रो लाभ सिंह, मौजूद रहे।



कैथल। पोस्टर मेकिंग में अव्वल रहे जाट महाविद्यालय कैथल के विद्यार्थी

### गांव रोहढ़ के पास फीड मील में लगी आग

**सफीदों।** उपमंडल के रोहढ़ गांव के पास स्थित शक्ति फीड मिल में शनिवार सांय को अचानक भयंकर आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि जिसको काबू करने के लिए सफीदों सहित आसपास के क्षेत्र करीब आधा दर्जन गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। समाचार लिखे जाने तक दमकल की गाड़ियां आग में जुटी हुई थीं। मिली जानकारी के अनुसार सांय को अचानक मिल में आग लग गई और आग ने मील के गोदामों को चारो ओर से घेर लिया। मील की लेबर ने आग देखी तो और उन्होंने इसकी जानकारी मील मालिकों को दी। सूचना पाकर मिल मालिक मौके पर पहुंचे। सभी ने अपने स्तर पर आगे को बुझाने का प्रयास किया तो ही साथ ही साथ दमकल को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर दमकल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। आग को अधिक बढ़ता देख आसपास के क्षेत्र की दमकल गाड़ियों को भी बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

# सरकार से हर वर्ग परेशानः सुशील

- आढ़तियों ने जगह जगह रणदीप सुरजेवाला व सुशील का लड्डुओं से तोलकर किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज नई अनाज मंडी में कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के समर्थन व वोट की अपील के लिए डोर टू डोर किया। जहां आढतियो व व्यापारियों के साथ मिलकर मंडी की हर दूकान पर जाकर सुशील गुप्ता के समर्थन में वोट डालने की अपील की। वहां नई अनाज मंडी में व्यापारियों व आढतियों ने अपना भरपूर समर्थन देने का ऐलान किया और आढतियों द्वारा जगह जगह रणदीप सुरजेवाला व सुशील गुप्ता का लड्डुओं से तोलकर भव्य स्वागत किया गया। वहां मिले जनसमर्थन से सुरजेवाला गदगद नजर आएं और अपने संबोधन में बोलते हुए सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 10 साल के अपने शासन से हरियाणा की जनता को ठगने, लूटने व भर्मित करने का काम किया है।



कैथल। सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला अनाज मंडी में आढ़तियों से मिलते।



कैथल। एचसी सुनील कुमार युवाओं को जागरूक करते। फोटो :हरिभूमि

### नशे के दुष्परिणामों के बारे किया जागरूक

**कैथल।** शनिवार को एचसी सुनील कुमार द्वारा कल्लरमाजरा, अनाजमंडी चीका व चीका के अन्य वार्डो में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

# मधुमेह से बचाव के तरीके बताए

- प्रमुख समाजसेवी प्रकाश गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारतीय योग संस्थान जिला चीका द्वारा लगाए जा रहे पांच दिवसीय मधुमेह निवारण योग शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी प्रकाश गर्ग (अध्यक्ष माता वैष्णो देवी इंटरनेशनल ट्रस्ट) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साधकों को संबोधित करते हुए प्रकाश गर्ग ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तेजी से मधुमेह अपने पांव पसार रहा है वह हम सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या व योगाभ्यास से मधुमेह को नियंत्रित रखा जा सकता है। जिला प्रधान डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा कि योग हमारे स्वास्थ्य को ठीक रखने के साथ साथ मानसिक तनाव को दूर करने में भी मदद करता है। योग शिक्षक अमित महाजन ने सूक्ष्म क्रियाएं व ध्यान आसन का अभ्यास करवाया। योग शिक्षक प्रेमचंद गर्ग, दीपक कुमार, डॉ. विजयपाल, पूजा मित्तल ने साधकों को तिर्यक ताड़ासन, अर्धचक्र आसन, वक्रासन आसन, तिर्यक भुजंग आसन, शलभासन, शशांकासन, नौका आसन व सर्प का अभ्यास करवाया।



कैथल। साधकों को योग करवाते पूजा मित्तल। फोटो :हरिभूमि



कैथल। क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### क्विज प्रतियोगिता में राजकीय कालेज की टीम प्रथम

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के भूगोल विभाग ने स्नातक विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। डॉ. अंकित मित्तल ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता 'पंजाब जियोग्राफर' के सहयोग से आयोजित की गई थी। स्क्रीनिंग के बाद कुल सात टीमों ने क्विज के लिए क्वालीफाई किया। डॉ. रघुबीर लांबा ने राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों से शामिल होने वाली टीमों का स्वागत किया। राजकीय कॉलेज आदमपुर (हिसार), राजकीय कॉलेज जींद और आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ. संजय गोयल ने भूगोल विभाग के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर भूगोल विभाग से प्रोफेसर अजीत सिंह, लाभ सिंह और राजेंद्र सैनी मौजूद थे।



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### पेंशनर को कैशलैस सुविधा प्रदान की जाए : बलबीर

**कैथल।** हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर ऐसोशिएसन की मासिक मिटिंग बलबीर सिंह बड़सिकरी की अध्यक्षता में बिजली घर पेहवा चौक पर हुई। मंच का संचालन यूनिट सचिव मोहिन्दर पाल सैनी ने किया व यूनिट कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का ब्योरा दिया। बैठक में निम्नलिखित मांगों के बारे में विचार किया गया। रिटायर कर्मचारियों को 65, 70, 75, 80 होने पर 5ः, 10ः, 15ः व 20ः पैंशन बढौतरी हो।200 यूनिट मासिक बिजली घरेलू प्रयोग के लिए फ्री दी जाए। फैमिली एल.टी.सी.। कैशलैस मैडिकल सुविधा प्रदान की जाए। मैडिकल भत्ता 1000 से 3000 किया जाए। ९ाज की मिटिंग मेंअशोक गिरधर, राजेन्द्र शर्मा, पालसिंह मटोर, जगपाल, रघबीर सिंह रंगा, रामतेज जे.ई. मेवा सिंह पठानिया कृष्णचन्द व श्यामलाल ढांढा को जन्मदिन पर उपहार देकर सम्मानित किया गया। आज की मिंटिग के चीफ पैटर्नवी.के. चावला, बलवन्त राज चौधरी, राजकुमार सिसमौर, भीम सिंह, ओमप्रकाश गोगिया, बाबूराम शर्मा, रमेश चन्द आर्य, मेवा सिंह पठानिया, अशोक गिरधर ने संबोधित किया व अपने विचार रखे।इसके इलावा भलेराम सैनी, बाबूराम धीमान, महेंद्र कुंडु, आरडी सिंगला, ओमप्रकाश कोचर, पालाराम कठवाड आदि भी मौजूद रहे।

### आरकेएसडी में राज्यस्तरीय कॉमर्स फेस्ट 'मंथन' का आयोजन

# पंद्रह कालेजों के सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल के प्रातः कालीन सत्र के वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कॉमर्स फेस्ट /"मंथन 2024/" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वाणिज्य विभाग के संस्थापक अध्यक्ष रहे डॉ बी डी गुप्ता, राष्ट्रीय विद्या समिति के उप प्रधान श्री श्यामलाल बंसल, प्राचार्य डॉ. संजू गोयल एवं अन्य सम्मानित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया । फेस्ट में एड शो, लोगो रंगोली, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं बिजनेस क्वीज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल हिसार, जींद जिलों के 15 महाविद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था जिसमें वह अपनी प्रतिभा को निखार सके साथ ही अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें।प्राचार्य डॉ गोयल ने अतिथि गणों का स्वागत किया। डॉ बी डी गुप्ता ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए।



कैथल। रंगोली को निहारते निर्णायक मंडल के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे विजेता

क्विज में आरकेएसडी कॉलेज की टीम प्रथम, डॉ भीम राव अम्बेडकर कॉलेज की टीम द्वितीय तथा के एम कॉलेज नरवाना की टीम तृतीय रही। एड शो में कन्या महाविद्यालय पुंडरी, प्रथम, के एम कॉलेज नरवाना एवं डॉ भीम राव अम्बेडकर कैथल संयुक्त द्वितीय तथा ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय कॉलेज तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ईश्वर सिंह कन्या महाविधालय प्रथम, एसडी कॉलेज अम्बाला द्वितीय तथा के एम गवर्नमेंट कॉलेज नरवाना, तृतीय रहे। लोगो रंगोली में आइजी कॉलेज कैथल प्रथम, चौ ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड, द्वितीय तथा डॉ भीम राव अम्बेडकर कॉलेज कैथल एवं राजकीय महाविद्यालय कॉलेज पलवल तृतीय। अध्यक्ष डॉ अजय शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी । डा राजबीर पराशर, डा अशोक शर्मा, डा मंजुला गुप्ता, सुरूचि शर्मा, जयबीर धारीवाल,सोम वर्मा, नरेश कुमार उपस्थित रहे। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापको डॉ शशि माटा, प्रो मनीषा,राजेश, नेहा गुप्ता, पल्लवी सुरभि, नेहा गोयल,निधि, मिशु, नीलम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पांच व्यक्ति कर सकेंगे आरओ कार्यालय में प्रवेश

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान रिर्टनिंग अधिकारी के कार्यालय में उम्मीदवार सहित केवल पांच लोग ही आ सकते हैं और कोई भी इच्छुक नामांकन भरते समय अपने साथ केवल तीन गाड़ियों को ही रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में ला सकता है। डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव लडने के उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र भरते समय सिर्फ तीन गाड़ियों को ही रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में ला सकते हैं।

### सूचना

मैं, अजय पुत्र श्री सुरेश गांव वार्ड नंबर-6 जुलाना, तहसील जुलाना व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड व सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अजय कुमार दर्ज है जोकि सही व दुरूस्त है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अजय दर्ज है जोकि अब पासपोर्ट में मेरा नाम अजय कुमार दर्ज किया जावे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यालय पर आज होगी बैठक

**जुलाना।** कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। आशय की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक परमेंद्र ढुल ने बताया कि रविवार को उनके कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मी-अधिकारी एसोसिशन की हुई बैठक

**जुलाना।** रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारी एसोसिशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोशन लाल सिंगला ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रोशनलाल सिंगला को प्रधान, सदानंद को सचिव, उमेद सिंह को कोषाध्यक्ष, रामकुमार व रामनिवास को उप प्रधान, सतबीर सिंह को सहसचिव, डा. जयपाल को संगठन सचिव बनाया गया।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**जुलाना।** गांव मालवी और करेला झमौला के राजकीय स्कूल के बच्चों ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम किया। शनिवार को गांव करेला झमौला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने गांव की गलियों में बैनर और पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को अपने मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने बताया कि 25 मई को होने वाले चुनावों में ग्रामीणों को मतदान केंद्रों पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

### तीन वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल ।** पुलिस ने नेशनल हाईवे पर अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलने के आरोप में अलग-अलग तीन वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किए हैं। पहले मामले में थाना यातायात कैथल के पीएचसी राजेश कुमार ने बताया कि 5 अप्रैल को जांच के दौरान पाया गया कि गांव पबनावा के निकट ट्रक चालक बलबीर सिंह द्वारा अपने वाहन को तेज गति और रापरवाही के साथ-साथ हाईवे की प्रथम लाइन में चलाया जा रहा था।

### फसल पंजीकरण को लेकर किसान परेशान

**पाई।** फसल के पंजीकरण को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से पंजीकरण की साइट सही प्रकार से चलाने की मांग की है। किसान राम मेहर, करेशन, दिलबाग, राम चंद्र, नरेश आदि ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण के बाद भी दिक्कत।

### आचार संहिता का पालन करवाने में हो रही लापरवाही

**गुहला-चीका।** गुहला में आचार संहित का पालन करवाने में अधिकारी लापरवाही बरतते हुए दिखाई दे रहे हैं। कई सरकारी दफ्तरों व विभिन्न बाजारों में सरकारी योजनाओं व नेताओं के चित्र छपे हुए पोस्टर सरेआम लगे दिखाई दे रहे हैं। आचार संहिता के बाद भी सरकारी आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

---

पिछले साल डेंगू के आए थे 400 के आसपास मामले

# बढ़ने लगे मच्छर, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की डेंगू को रोकने की कवायद

स्वास्थ्य विभाग की ब्लड सेपरेशन यूनिट ने घरों में दस्तक देकर बुखार पीड़ितों की जांच का कार्य शुरू कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गर्मी बढ़ने के साथ ही मच्छर भी बढ़ने लगे हैं। ऐसे में मच्छरजनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी टीमों को मैदान में उतार कर लोगों को मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना शुरू कर दिया है। इस बार डेंगू मरीजों के लिए नागरिक अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट भी शुरू हो चुकी है। इसलिए जिन डेंगू मरीजों में प्लेटलेट्स कम हो जाएंगी, उनको दूसरे जिलों में जाने की जरूरत नहीं है। पिछले वर्ष जिले में डेंगू के लगभग 400 तथा मलेरिया के 80 के आसपास मामले सामने आए थे। इस बार स्वास्थ्य विभाग पहले ही अपनी पूरी तैयारी में लग गया है ताकि इन बीमारियों को रोका जा सके।

हर वर्ष स्वास्थ्य विभाग मई की शुरूआत में स्वास्थ्य कर्मचारियों को फील्ड में उतारता है ताकि वह बीमार लोगों की स्लाइड बनाकर उनकी जांच करें। इसके अलावा लोगों को मच्छरजनित बीमारियों के प्रति पहले ही सावधान करें ताकि बीमारी फैलने से रुक सके। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य निरीक्षकों की अगुवाई में फील्ड में जाकर बीमार लोगों की स्लाइड बनाने तथा उनको जागरूक करने के लिए भेज दिया है। स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर रिकार्ड इकट्ठा करेंगे। इसके अलावा जिन घरों के बाहर पानी खड़ा होता है, उसके लिए भी जागरूक करेंगे ताकि लोग अपने घरों के आसपास पानी नहीं खड़ा होने दें। घर के अंदर तथा बाहर यदि पानी खड़ा होता है तो उसे एक.दो दिन में जरूर साफ करना चाहिए।



जींद। बुखार पीड़ित लोगों की स्लाइड बनाते स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में अबकी बार प्लेट्लेटस की सुविधा

नागरिक अस्पताल में अबकी बार प्लेट्लेटस की सुविधा भी शुरू हो गई है। इसलिए इस बार मलेरिया, डेंगू के मरीज कम मिलने की संभावना है। लोग जितना अधिक ध्यान रखेंगे, सफाई रखें व पानी खड़ा नहीं होने देंगे, उतने ही कम केस मिलेंगे। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से इस बार पहले ही तैयार हो चुका है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को फील्ड में उतार दिया है।

-डॉ. गोपाल गोयल, सीएमओ

### इस बार ब्लड सेपरेशन यूनिट हुई शुरू

नागरिक अस्पताल में इस बार ब्लड सेपरेशन यूनिट शुरू हो गई है। पिछले साल इसका लाइसेंस नहीं मिलने के कारण यह शुरू नहीं हो पाई थी। डेंगू के मरीजों की प्लेट्लेटस कम हो जाती हैं, जिस कारण मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़वानी पड़ती हैं। पहले जींद जिले में यह सुविधा नहीं थी तो मरीजों को दूसरे जिलों में जाना पड़ता था। इस बार यह सुविधा जींद के नागरिक अस्पताल में शुरू हो गई है तो मरीजों को दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा।


### नरवाना बना था हॉटस्पॉट

वर्ष 2023 में नरवाना ब्लॉक में ही सबसे अधिक डेंगू के मामले सामने आए थे। 400 केसों में से अकेले नरवाना में ही 200 के आसपास केस सामने आए थे। खुद सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल तथा उन्य वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों ने नरवाना का दौरा कर लोगों को भी जागरूक करना पड़ा था।

### सप्ताह में एक दिन रसोईघर को सूखा रखें

स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने कहा कि हर घर में सप्ताह में दिन सूखा दिवस मनाना होगा। पिछली बार जो डेंगू के मामले सामने आए थेए वह घर में ही मच्छरों के काटने से सामने आए थे। इसलिए सप्ताह में एक दिन घर की रसोई को पूरी तरह साफ और सूखा कर रखें। घरों में कूलरों को भी एक सप्ताह पूरा तरह सूखा दें। कूलर का पानी प्रतिदिन जरूर बदलना चाहिए। वर्मा ने दावा किया कि इस बार स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही अभियान शुरू कर दिया है। इसलिए इस बार इतने अ?धिक डेंगू के मामले सामने नहीं आएंगे।

---



उचाना। छात्तर गांव में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

# छात्तर में जेजेपी समर्थक 60 परिवारों ने छोड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जेजेपी समर्थक गांवों में शामिल छात्तर गांव में जेजेपी को उस समय बड़ा झटका लगा जब जेजेपी समर्थक 60 परिवारों ने जेजेपी को छोड़ कर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह में आस्था व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। बीरेंद्र सिंह ने कहा सभी उनके परिवार के सदस्य की तरह है। सभी के मान-सम्मान में कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी। छातर गांव के लोगों ने हर समय साथ दिया है। महाग्राम का दर्जा छात्तर गांव को बीती सरकार में जब प्रेमलता सिंह विधायक थी तो मिला था। छात्तर गांव में कॉलेज को मंजूरी भी बीती सरकार में दिलवाई गई थी ताकि शिक्षा का स्तर ग्रामीण अंचल में बढे। बिना शिक्षा के कुछ नहीं है। शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी है। मेरी सोच है कि हमारे क्षेत्र के युवा पढ़ लिख कर बड़े अधिकारी बने। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मामले में हमारा क्षेत्र आगे निकले इसी सोच के तहत बीती सरकार में बुडायन गांव में केंद्रीय विद्यालय मंजूर करवाने के साथ उसका निर्माण करवाया। जब तक विद्यालय का निर्माण नहीं हुआ तब तक बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्कूल की कक्षाएं शुरू की गई ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को फायदा हो। हलके के लोगों से राजनीति नहीं बल्कि दिल का रिश्ता है। उचाना हलका हमारा परिवार है। हमारे क्षेत्र के लोग भावनाओं भय जाते है। जब समय होता है तो वो अपने पराए की पहचान नहीं कर पाते है। चुनाव में फिर आप लोगों के बीच आपको बहकाने के लिए बाहरी लोग आएंगे। किसी के बहकावे में नहीं आना है। हमारा भला इसमें है कि हम अपने को मजबूत करें।

---

# जूनियर नेशनल कबड्डी विजेता टीम के खिलाड़ी प्रियंका का गांव में पहुंचने पर हुआ स्वागत

- ग्रामीणों ने प्रियंका को बैठाया सर आंखों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बिहार के पटना में आयोजित लड़कियों की 33वीं सब-जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में टीम हरियाणा फाइनल मुकाबले में विजेता बनी। टीम में करसिंधु गांव की प्रियंका पुत्री राजबीर उर्फ उग्र भी शामिल रही। करसिंधु गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने प्रियंका का जोरदार स्वागत किया। उचाना रेलवे स्टेशन से काफिले के साथ ग्रामीण करसिंधु गांव तक प्रियंका को लेकर गए। कबड्डी के गानों पर ग्रामीणों ने जमकर डांस कर गुलाल उड़ाया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रियंका ने करसिंधु गांव एवं प्रदेश का नाम देश में रोशन करने का काम किया है। प्रियंका करसिंधु गांव में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा है। गांव पहुंचने पर सबसे पहले बाबा देवीगर मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। खिलाड़ी प्रियंका ने बताया कि प्रतियोगिता 31 मार्च से 3 अप्रैल तक बिहार के पटना में आयोजित हुई। विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में पहुंचे।



उचाना। चैंपियन कैंप के साथ कबड्डी रियंका व उचाना पहुंचने पर ट्रैक्टर में सवार कबड्डी खिलाड़ी प्रियंका ग्रामीणों के साथ। फोटो : हरिभूमि

---

# सीएम का विरोध कर रहे किसानों को एसपी ने मनाया

- किसानों की कमेटी को मुख्यमंत्री सैनी से मिलवाने का दिया एसपी ने आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना उपमंडल कार्यालय के पास चल रहे धरने से जींद सीएम नायब सिंह सैनी का विरोध करने जा रहे किसानों को पुलिस ने जींद जाने से रोका। यहां पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सीएम से किसानों को मिलवाने का एसपी जींद सुमित कुमार द्वारा मोबाइल फोन पर बातचीत करके आश्वासन देने पर किसान माने। उचाना, नरवाना, जींद धरने से दो-दो किसान इस कमेटी में शामिल हुए। कमेटी में नरवाना मा. बलबीर सिंह, शमशेर अंबरसर, उचाना से आजाद पालवां, राममेहर बुडायन, जींद से बारूराम जिला प्रधान बीकेयू टिकैत, छज्जूराम कंडेला को शामिल किया गया जो सीएम से मिलकर मांगों को लेकर मांग पत्र देंगे। शनिवार को उपमंडल कार्यालय के संयुक्त किसान मोर्चा उचाना की अगुवाई में चल रहे धरने पर किसान एकत्रित हुए। यहां पर फैसला लिया गया कि जींद में सीएम नायब सिंह सैनी जनसभा में आ रहे है। जींद जाकर सीएम का किसान विरोध करेंगे। जब स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस अमला उपमंडल कार्यालय के पास पहुंचा। जींद जाने से पुलिस ने रोका। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किसान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जींद जाने की मांग पर अड़े रहे लेकिन पुलिस ने किसानों को जींद नहीं जाने दिया। एसपी जींद सुमित कुमार से किसान नेताओं के साथ मोबाइल फोन पर हुई बातचीत के बाद किसान नेता सीएम से मिलने के लिए जींद रवाना हुए। आजाद पालवां ने बताया कि एसपी जींद से मोबाइल फोन पर बातचीत करके किसानों की कमेटी को सीएम से मिलवाने का आश्वासन दिया। किसानों ने एसपी के आश्वासन पर सीएम के विरोध का फैसला वापिस लिया। सीएम से मिलकर मांग पत्र किसानों की कमेटी देंगी। संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य किसान नेता आजाद पालवां, सिक्किम सफा खेड़ी ने कहा कि किसान उचाना में जब 30 मार्च को सीएम नायब सिंह सैनी जनसभा में आए थे तो किसान उनको एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने, खराब हुई फसल का मुआवजा देने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे।



उचाना। उपमंडल कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

---



अलेवा। नगूरां गांव में बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी।

### जयसिंह धनखड़ को सर्वसम्मति से बनाया प्रधान

**अलेवा।** राजकीय रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन ब्लाक अलेवा के चुनाव को लेकर एक बैठक नगूरां गांव की सामान्य धर्मशाला में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला उप प्रधान मियां सिंह ने की तथा चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका जिला ईकाई से शीशपाल सिंह लोहान ने निभाई। इस दौरान सर्वसम्मति से जय सिंह धनखड़ को प्रधान, सतबीर सिंह तथा राजकुमार लोहान को उप प्रधान, टेकराम को महासचिव, लख्मीचंद को कैशियर, साधुराम को संगठन सचिव, वीरेंद्र सिंह को आडिटर बनाया गया। नव नियुक्त प्रधान जयसिंह धनखड़ ने बताया कि एसोसिएसन ने उससे जो जिम्मेदारी दी है। उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभांने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि मेडिकल भत्ता एक हजार से बढाकर तीन हजार किया जाए। कंयूटेशन की रिकवरी 15 वर्ष की बजाय पहले की तरह 12 वर्ष की जाए। फैमिली पैंशनर को भी एलटीसी की सुविधा दी जाए। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू की जाए। इस अवसर पर प्रताप सिंह, मा. बलबीर, टेकराम, सतबीर, भले सिंह, राम सिंह, जयप्रकाश, धूपसिंह, सज्जन सिंह, लखमीचंद आदि रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

---

# लोगों को मतदान का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक केंद्र परिसर में भारत रत्न डा.भीम राव आंबेडकर जयंती उपलक्ष्य में शिक्षा जागृति महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग और युवा शामिल रहे। मुख्य मेहमान के रूप में कोथ कलां मठ के महंत शुक्राईनाथ योगी ने ब्रह्मानंद महाराज के साथ शिरकत की। योगी ने परंपरा अनुसार भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर के चित्र के समक्ष मोमबती रोशन कर सम्मेलन की शुरूआत की। साथ ही नई सोच को समर्पित अनूठे भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन पर भारत रत्न डा.भीम अंबेडकर चीफ आरगेनाजइर कमेटी को बधाई दी।

महंत शुक्राईनाथ योगी ने कहा कि चुनावी मौसम आ गया है। कांग्रेस, भाजपा, जजपा व दूसरे दल अपने-अपने चुनावी वायदों के साथ जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इसलिए लोकतंत्र के उत्सव में मतदाता को बगैर किसी दबाव-प्रभाव के मतदान करना होगा। जब-जब वोट के नाम पर मतदाता के हाथ में शराब की बाटली, जेब में पैसा और दूसरे लोभ लाचल आएंगे मजबूत लोकतंत्र की उम्मीद बेमानी है। सभी की जिम्मेदारी है कि युवा नशा न करें।



कलायत। सम्मेलन में जागृति का संकल्प करवाते महंत शुक्राईनाथ योगी।

---

# श्री चैतन्य स्कूल एनएसएस अंतरिक्ष स्पर्धा में 11वीं बार विश्व चैंपियन बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री चैतन्य स्कूल अमेरिका की एनएसएस अंतरिक्ष प्रतियोगिता 2024 में 11वीं बार विश्व चैंपियन बना। इस प्रतियोगिता में 28 देशों ने भाग लिया। इसमें श्री चैतन्य के विद्यार्थियों ने भारत को नंबर एक स्थान पर पहुंचाया।

श्री चैतन्य की निदेशक सीमा ने बताया कि एनएसएस की ओर से तीन नगद पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इनमें से दो नगद पुरस्कार लगातार दूसरी बार अकेले श्री चैतन्य ने जीते हैं। इस अवसर पर श्री चैतन्य की निदेशक सीमा ने यह भी कहा कि अब तक किसी अन्य स्कूल ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की है। इसी तरह सात परियोजनाओं के लिए प्रथम अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, 11 परियोजनाओं के लिए द्वितीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार। परियोजनाओं के लिएए 15 परियोजनाओं के लिए तृतीय अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, 29 परियोजनाओं के लिए सम्माननीय उल्लेख, कुल 62 परियोजनाएं अकेले श्री चैतन्य ने हासिल की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन 62 जीते गए प्रोजेक्टों में श्री चैतन्य के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और सफलता प्राप्त की। इस संदर्भ में श्री चैतन्य की निदेशक सीमा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार हो या दिए गए प्रोजेक्टों की संख्या हो या विजेताओं की संख्या हो।

---

### एमटी पिल किट को कभी भी अपनी प्रेक्टिस में इस्तेमाल न करें : डॉ. तेजपाल

**राजौंद।** गांव सेरधा में सामाजिक चिकित्सक महासंघ की बैठक राज्य कमेटी सदस्य डॉ तेजवीर मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव डॉ जयकिशन शर्मा ने किया। बैठक में संगठन विस्तार और मेंबरशिप को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान एस सी एम एच जिला प्रधान डॉ तेजपाल खटकड़ भी पहुंचे। उन्होंने सभी साथियों को मेंबरशिप कार्ड देकर सम्मानित किया और संगठन के नियम व शर्तें के बारे में साथियों को विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में खास तौर पर नारकोटिक और एमटी पिल किट को कभी भी अपनी प्रेक्टिस में इस्तेमाल न करने के लिए भी काफी गहनता से विचार रखे। जिस पर सभी साथियों ने हाथ उठाकर कसम खाई और साफ सुथरी प्रेक्टिस करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बैठक में सेरधा इकाई के नए प्रधान का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया डॉ अनिल कुमार को इकाई प्रधान बनाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्रा मिलन समारोह आयोजित

# एलुमनी मीट में पुरानी यादें ताजा कर भावुक हुए पूर्व छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना के प्रांगण में पूर्व छात्रा पुर्नमिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती की वंदना की गई कार्यक्त्रम की संयोजिका डॉ अनीता छाबड़ा ने सभी एलुमनाई का स्वागत किया उन्होंने इस समारोह का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि पुनर्मिलन आप से हैं हमेशा यानि पूर्व एवं वर्तमान छात्राओं के बिना संस्थान कुछ नहीं है। यह मिलन समरोह हमें अपनी पुराने यादें ताजा करने का एक अच्छा माध्यम है इस कार्यक्त्रम की मुख्य अतिथि पूर्व छात्रा सत्र 1975 आशा सिंगला रही। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने गुलदस्ता देकर आशा का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ शालू गर्ग एवं कुसुम कुंडू ने किया। पूर्व छात्रा सोनिया ने अपने गुरुजनों का बैज लगाकर उनका सम्मान किया। एलुमनी सोनिया ने प्राचार्या महोदया डॉ अंजना लोहान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। एन एस एसए एन सी सी और रैड क्त्रॉस की छात्राओं ने भी पूर्व छात्राओं को सम्मानपूर्वक सभागार तक मार्च पास्ट करते हुए पहुंचाया।



नरवाना। दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का सुभारंभ करते हुए।

### 1995 के बैच की स्मृति और संजू ने नृत्य प्रस्तुति दी

पूर्व छात्राओं ने अपने अपने अनुभव बताए पूर्व छात्रा सरोज श्योकंद ने मेरा धामण धरा तकियाले में पर अपनी प्रस्तुति दी 1995 के बैच की छात्राएं स्मृति और संजू ने अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुति दी पूर्व छात्रा संतोष और सोनिया ने अपने भावों की अभिव्यक्ति अपनी कविता के माध्यम से दी महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा ऑर्केस्ट्रा कार्यक्त्रम की प्रस्तुति दी गई। जिस पर महाविद्यालय की प्रवक्ताओं एवं पूर्व छात्राओं द्वारा जमकर नृत्य किया गया छात्रा गगनदीप ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मेरे जीवन में महाविद्यालय का महतवपूर्ण योगदान रहा है जिससे आज मै जानी मानी हस्ती बन चुकीं हूँ। कॉलेज की छात्रा समीना और मोनिका ने भी अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। पूर्व छात्रा प्रीति ने योग डांस द्वारा सबका मन लुभाया। सभी आई हुई छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गए। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने अपने वक्त में सभी के सफल एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ नयनदीप ने भी सभी के महाविद्यालय में आने पर शुक्त्रिया अदा किया। कार्यक्त्रम संयोजिका डॉ अनीता छाबड़ा ने भी भविष्य में ऐसे कार्यक्त्रम करते रहने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मुख्य अतिथि आशा सिंगला ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होने यहाँ 1973 में दाखिला लिया था लेकिन जब आज वह महाविद्यालय की प्रगति को देखती है।




विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

हेल्दी रहने के लिए अच्छा पौष्टिक भोजन, व्यायाम और आसन करना तो जरूरी है ही, साथ ही मन से आनंदित रहना भी जरूरी है, तभी आप स्वस्थ, खुश और संतुष्ट रह सकते हैं। मन से आनंदित रहने के लिए आपको अपनी जीवनशैली में दस फंडों को अपनाना होगा। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं, इन्हीं दस फंडों के बारे में।

# जिंदगी के मकान में जरूर हों ये 10 कमरे

जीवनशैली / शिखर चंद जैन

हम में से अधिकतर लोग सोचते हैं कि भरपूर धन-दौलत से ही आसानी से जिंदगी में स्वस्थ रह सकते हैं, खुशी महसूस कर सकते हैं। लेकिन ऐसा पूरी तरह सच नहीं है। दर्जनों प्रेरक पुस्तकें लिखने वाले विद्वान लेखक डॉ. फ्रैंक क्रेन ने अच्छी सेहत और खुशहाल जिंदगी पाने के अचूक नुस्खे एक लेख में बताए हैं। यह लेख 'द अमेरिकन मैगजीन' में करीब सौ साल पहले (1920 के आस-पास) छपा था। इस लेख में उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित कई अनमोल सूत्र बताए हैं।







**कला से लगाव :** यह दुनिया खूबसूरत चीजों से भरी हुई है। लेकिन उस खूबसूरती का लुत्फ उठाना आप तभी सीख पाएंगे, जब आपको कला की समझ होगी। इसलिए कला से लगाव बढ़ाएं। जब आप कला की कद्र करने लगेंगे तो आपको इससे ऐसी खुशी मिलने लगेगी, जैसी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होने पर मिलती है। चित्रकला हो, काष्ठकला या मूर्तिकला जिसमें आपका मन रमे, उसमें कुछ समय जरूर दें।

**साहित्य से प्रेम :** जिसे साहित्य पढ़ने में रुचि होती है, उसे इसमें ढेर सारी खुशी और ज्ञान प्राप्त होता है। इसमें रुचि लेने से वैचारिक स्तर पर आप समृद्ध होते जाएंगे। साहित्य से प्रेम करेंगे, तो आपको जीवन से प्रेम होने लगेगा और ताजगी महसूस करने लगेंगे।



**संगीत का आनंद :** डॉ. फ्रैंक के अनुसार जिसे संगीत से प्यार नहीं, वो दुनिया का सबसे गरीब आदमी कहा जा सकता है। जिंदगी में सुर और ताल बनाए रखने के लिए संगीत में रुचि बहुत कारगर साबित होती है। यकीन करें, अगर आप अपनी आत्मा को संगीत से सींचेंगे तो आपको आलौकिक आनंद महसूस होने लगेगा।

**घुमक्कड़ी का शौक :** शहरों में रहने वाले अधिकतर लोग दिन हो या रात चारदीवारी में ही घिरे रहते हैं। अधिकांश समय खुली, ताजा हवा में सांस नहीं ले पाते। स्वस्थ रहना है तो खुला आसमान, हरियाली भरे जंगल, जीवंतता के प्रतीक झरने आदि का आनंद उठाना सीखें। कभी खुले आसमान के नीचे लेट कर आकाश के तारे निहारें, हरी दूब पर लेटें, ताजा हवा के झोकों में खुद को खुला छोड़ दें, पहाड़ों की गोद में यूं ही घूमने चले जाएं, फिर देखिए कैसी खुशी मिलती है!

**संवेदनशील मन:** संवेदनशील बनना भी स्वस्थ रहने के लिए बहुत कारगर है। हृदय के दरवाजे हमेशा खोल कर रखें। दूसरों के सुख-दुख को महसूस करें और उनमें शरीक हों। स्नेह, प्यार, मित्रता, रिश्ते आदि सुख और खुशी देते हैं। इससे मन में सकारात्मकता बढ़ती है, जो स्वस्थ रहने में बहुत मददगार होती है।

**बच्चों से जुड़ाव :** अपने जीवन को सेहतमंद और खुशहाल बनाने के लिए बच्चों से जुड़ना भी बहुत प्रभावी होता है। बच्चे जिंदगी के मकान का बेहद अहम हिस्सा होते हैं। इनसे जुड़ेंगे तो आप रोजमर्रा के अपने दुख-दर्द भूल जाएंगे।

**खेलकूद में रुचि :** क्या आप अखबार में आने वाले स्पोर्ट्स पेज को पढ़ते हैं? चेस, टेनिस, क्रिकेट कोई भी खेल खेलते हैं? अगर नहीं तो आपको पता होना चाहिए कि जो लोग खेलकूद पसंद नहीं करते, वे स्वास्थ्य और खुशी की दृष्टि से दुनिया के गरीब लोगों में शुमार होते हैं। अगर आप खेलते हैं या खेलकूद की गतिविधियों में दिलचस्पी रखते हैं, तो आप जीवन के कठिन दौर में भी खुश रहने की कला सीख लेंगे।

**आनंद की अनुभूति :** अपनी दिनचर्या की छोटी-छोटी चीजों में आनंद ढूंढने की आदत आपको बहुत खुश और स्वस्थ बना सकती है। अपने बिस्तर की नरमी, भोजन का स्वाद और सुगंध, कपड़ों के रंग और डिजाइन, नंगे पांव मिट्टी पर चलने, ऑफिस की चाय, घर से दफ्तर तक का सफर, स्नान से मिलने वाली ऊर्जा और शांति आदि सब में आनंद के पल ढूंढ़े जा सकते हैं। शुरुआत में भले कुछ असहज लगे लेकिन कुछ समय बाद आप जीवन के हर पल में आनंद महसूस करने लगेंगे।



**ईश्वर में आस्था :** अध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति में आस्था सचमुच सुकून और राहत देती है। ईश्वर में आस्था आपको सकारात्मकता और ऊर्जा से भर देती है। जो लोग प्रार्थना, अध्यात्म, सुपर नेचुरल पावर आदि की ताकत महसूस करते हुए भी खुद को बुद्धिजीवी करार देने के लिए इनसे दूर रहते हैं, वे सचमुच जीवन के आनंद से महरूम रहते हैं।

**अपने काम से प्यार :** हम सब को जीविका के लिए कोई न कोई काम करना पड़ता है। लेकिन हममें से ज्यादातर काम को बोझ समझते हैं। जरा सोचकर देखिए कि अगर आप काम में व्यस्त नहीं रहते, हर रोज संघर्ष न करते, मन में कोई लक्ष्य न होता, किसी से कोई आशा न होती तो आपकी जिंदगी कितनी रीती और सूनी होती? यकीन नहीं होता, तो दो-तीन दिन बिना कुछ किए घर में पड़े रहकर देखें, कितना उदास और बीमार महसूस करने लगेंगे, इसलिए प्रोफेशन का आनंद उठाएं। इसे एंज्वॉय करेंगे तो कभी भी वर्क प्रेशर महसूस नहीं होगा और आप स्ट्रेस, टेंशन, एंग्जाइटी से मुक्त रहते हुए स्वस्थ जीवन जिएंगे। *

# मेडिकल केयर से अधिक लाभकारी है सेल्फ केयर

यह सही है कि बीमार होने पर हमें मेडिकल केयर की जरूरत पड़ती है। लेकिन सवाल है कि हम बीमार ही क्यों पड़ते हैं? अगर हम अपनी जीवनशैली के साथ आहार में समुचित बदलाव कर लें और सेल्फ केयर करें तो मेडिकल केयर की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



आत्मप्रेरणा / राजयोगी बीके निकुंज

भगवान गौतम बुद्ध की उक्ति है-स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है। इसी से समझा जा सकता है कि अच्छे स्वास्थ्य का हम सभी के जीवन में कितना महत्व होता है? जिसका शरीर स्वस्थ है, वही स्वस्थ कार्य कर सकता है। इसीलिए तो हम हमेशा अपने प्रियजनों के लिए खुशी और स्वास्थ्य की कामना रखते हैं, क्योंकि कोई भी व्यक्ति बीमार होकर अपनी मेहनत की कमाई को डॉक्टर और दवाइयों पर जाया करना नहीं चाहता। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य वास्तविक रूप से तभी स्वस्थ कहलाता है, जब वह स्वयं को मानसिक, भौतिक, भावात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ अनुभव करे। दुर्भाग्य से आज के आधुनिक जगत की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास पर्याप्त समय ही नहीं होता कि वे अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहें। इसलिए कुछ लोग स्वस्थ दिनचर्या को अपनाकर रोगों से दूर रहने की कोशिश करते हैं, किंतु उनका यह प्रयास अनेक प्रकार के सामाजिक दबाव के कारण उतना सफल नहीं हो पाता है, अंततोगत्वा निराश होकर वे अस्वस्थ जीवनशैली को अपना लेते हैं। हम यह अकसर भूल जाते हैं कि मां प्रकृति ने हमें, हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सब कुछ प्रदान किया है। जरूरत है एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की।



**दवाओं पर कम करें निर्भरता:** आज, दवा की गोलियां, कैप्सूल अधिकतर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। इसकी वजह यह है कि समय की कमी और व्यस्त जीवनशैली के कारण हम हमेशा स्वयं की देखभाल यानी कि 'सेल्फ केयर' की तुलना में चिकित्सा यानी कि 'मेडिकल केयर' को अधिक पसंद करते हैं। हम जंक फूड, जरूरत से ज्यादा खाना, व्यायाम और उचित आराम न करना, भावनात्मक अस्थिरता, धूम्रपान और मद्यपान जैसी अनेक गलत आदतों के जाल में इस कदर फंसे हुए हैं कि हमें इस बात का एहसास तक नहीं होता कि इन सभी आदतों का हमारे स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। तो फिर क्यों न एक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाया जाए? पर क्या यह इतना सरल है? जी हां! बिल्कुल सरल है।

**जीवनशैली में करें सुधार:** यदि अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए हम कुछ छोटे-मोटे परिवर्तन अपनी दिनचर्या में लाएं तो हम एक समग्र संतुलित स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। मसलन, जल्दी सोना और जल्दी उठना, इस आदत को यदि हम गंभीरता से अपना लें, तो प्रातःकाल से लेकर रात्रि तक हमारा दिन बहुत अच्छा बीतेगा। इसी प्रकार से सुबह को या शाम को यदि हम कुछ हल्का-फुल्का व्यायाम, जैसे कि सैर, जॉगिंग आदि को सिर्फ आधा घंटा कर लें, तो हम एक नई स्वस्थ पहल कर सकते हैं।

**पौष्टिक भोजन का सेवन:** पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, आरोग्य का सबसे मुख्य भाग है, संतुलित आहार। जी हां! डाइटिंग के नाम पर अपने को भूखा रखना हानिकारक सिद्ध हो सकता है, इसके बजाय अपनी भोजन शैली में व्यावहरिक परिवर्तन कर सारे पौष्टिक तत्वों से भरपूर भोजन लेने के नियम का पालन करना और यदा-कदा रूप में कुछ भी खा लेने की आदत से बचना ज्यादा हितकारक है।

**ध्यान का सकारात्मक प्रभाव:** पिछले कुछ वर्षों में किए गए चिकित्सा अनुसंधानों के द्वारा यह तथ्य सामने आया है कि 'अध्यात्म', मानव चरित्र का एक ऐसा महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उसके भावनात्मक पक्ष को प्रभावित करता है, अतः उसकी उपेक्षा करना नुकसानकारक सिद्ध हो सकता है। इसीलिए विश्व भर के चिकित्सक आज दवाई के साथ-साथ अपने मरीजों को ध्यान (मेडिटेशन) करने की राय देते हैं, क्योंकि उनका यह स्पष्ट मानना है कि ध्यान के द्वारा मनुष्य अपने दिन-प्रतिदिन की नकारात्मकता से दूर रह सकता है और वह उनके शारीरिक स्वास्थ्य के बेहतरी में भी सहायक होगा। याद रहे! अपनी केयर खुद करें ताकि मेडिकल केयर से बचे रहें। *

पर्व-संस्कृति / डॉ. घनश्याम बादल

आगामी मंगलवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र और नवसंत्सर का शुभारंभ हो रहा है। इस तिथि का जितना प्राकृतिक, ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व है, उतना ही सांस्कृतिक महत्व भी है। इससे जुड़ी पौराणिक-सांस्कृतिक महत्ता पर एक दृष्टि।

# नवसंवत्सर 2081 नवारंभ का सांस्कृतिक उत्सव




हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल चैत्र प्रतिपदा से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है। एक बार फिर कालचक्र के परिवर्तन के साथ नववर्ष दस्तक दे रहा है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी 9 अप्रैल मंगलवार से नव विक्रम संवत्सर 2081 आरंभ हो रहा है। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्र भी आरंभ हो रहे हैं।

**ज्योतिषीय-पौराणिक मान्यताएं:** ज्योतिषीय पंचांग के अनुसार नव संवत्सर 2081 का नाम क्रोधी और पंचांग भेद से इसका नाम कालयुक्त है। इसका राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। ज्योतिष के अनुसार इस वर्ष ग्रहों के दशाधिकार में सात विभाग क्रूर ग्रहों को और तीन शुभ ग्रहों को मिले हैं। मंगल के राजा और शनि के मंत्री होने से इस वर्ष के उथल-पुथल भरा रहने की आशंका है। मान्यता है कि नए संवत्सर में ब्रह्मांड में नई व्यवस्था का गठन भी होता है। मान्यता यह भी है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरंभ इसी तिथि से किया था। यह भी माना जाता है कि सबसे पहले सतयुग का प्रारंभ इसी तिथि यानी चैत्र प्रतिपदा से हुआ था। यह तिथि सृष्टि के कालचक्र प्रारंभ और पहला दिन भी माना जाता है। इसी दिन भगवान विष्णु ने दशावतार में से पहला मत्स्य अवतार लेकर प्रलयकाल में अथाह जलराशि में से मनु की नौका को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया था। प्रलयकाल समाप्त होने पर मनु से ही नई सृष्टि की शुरुआत हुई। हिंदू विक्रम संवत, अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष से 57 वर्ष आगे होता है। चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा तिथि से अगले 9 दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना का महापर्व नवरात्र भी आरंभ होता है।

**सांस्कृतिक धरोहर :** राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रतीक की शुरुआत इस चैत्र नवरात्र से ही होती है। महाराष्ट्र में इस दिन को गुड़ी पड़वा और दक्षिण भारत में इसे उगादि के रूप में मनाया जाता है।

**शुक्ल पक्ष से आरंभ होता नववर्ष:** यह नववर्ष किसी जाति, वर्ग, देश, संप्रदाय का नहीं अपितु संपूर्ण मानवता का नववर्ष है। यह पर्व विशुद्ध रूप से भौगोलिक पर्व है, क्योंकि प्राकृतिक दृष्टि से भी इस दौरान वनस्पतियों, फूलों और पत्तियों में भी नयापन दिखाई देता है। हिंदू कैलेंडर में कुल 12 माह होते हैं- चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन। हिंदू कैलेंडर के सभी महीने नक्षत्र के नाम पर रखे गए हैं। पूर्णिमा तिथि पर जो नक्षत्र रहता है, उसी नक्षत्र के नाम पर हिंदी महीनों के नाम रखे गए हैं। जैस चैत्र का महीना चित्रा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है, इसी प्रकार वैशाख, विशाखा के नाम पर, ज्येष्ठ, ज्येष्ठा नक्षत्र के नाम पर रखा गया है। एक प्रश्न यह उठता है कि चैत्र महीना हिंदू नववर्ष का पहला महीना होता है, जो होली के बाद शुरू हो जाता है। यानी फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा लग जाती है फिर भी उसके 15 दिन बाद नया हिंदू नववर्ष क्यों मनाया जाता है? इसका उत्तर यह है कि हिंदू पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष, पूर्णिमा से अमावस्या तिथि के 15 दिनों तक रहता है और कृष्ण पक्ष के इन 15 दिनों में चंद्रमा धीरे-धीरे लगातार घटने के कारण पूरे आकाश में अंधेरा छाने लगता है। सनातन धर्म का आधार हमेशा अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रहा है यानी 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'। इसी वजह से चैत्र माह के लगने के 15 दिन बाद जब शुक्ल पक्ष लगता है तभी प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। अमावस्या के अगले दिन शुक्ल पक्ष लगने से चंद्रमा हर एक दिन बढ़ता जाता है, जिससे कालक्रम अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता है।

**क्या है प्रतिपदा:** हिंदू पंचांग की प्रथम तिथि प्रतिपदा कही जाती है। यह तिथि मास में दो बार आती है पूर्णिमा के पश्चात और अमावस्या के पश्चात। पूर्णिमा के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और अमावस्या के पश्चात आने वाली प्रतिपदा को शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा कहा जाता है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चंद्रमा पूर्णता की ओर बढ़ता है, अतः इसे प्रतिपदा कहते हैं। शुक्ल पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 0 से 12 डिग्री तक होता है, जबकि कृष्ण पक्ष में सूर्य और चंद्र का अंतर 181 से 192 डिग्री तक होता है, तब प्रतिपदा तिथि होती है। कृष्ण प्रतिपदा को चंद्रमा की प्रथम कला होती है। शुक्ल पक्ष प्रतिपदा में चंद्रमा अस्त रहता है। कृष्ण पक्ष प्रतिपदा में स्थिति एकदम विपरीत होती है। कृष्ण प्रतिपदा में चंद्र अपने ह्रास की ओर बढ़ता है। अतः कह सकते हैं कि हिंदू संस्कृति में नया वर्ष आनंददायक भाव के साथ शुरू किया जाता है। *

शुभकामना गीत / शिवचरण चौहान

## नव संवत्सर मंगलमय हो!



भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हमारी।
नए वर्ष की शुभ तिथि प्यारी।।
भारत की सर्वत्र विजय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
ऋतु बसंत पावन, मनभावन।
चैत्र मास नव मास सुहावन।।
महाराज विक्रम की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।
पूरित शस्य धरा अति पावन।
नव पल्लव फल-फूल सुहावन।।
ग्रह नक्षत्र शुभ मंगलमय हो।
भारत के जन-जन की जय हो।
नव संवत्सर मंगलमय हो।।

कहानी / रेखा शाह आरबी

# लाल गमछा



रामदीन रोज रेल की पटरियों के किनारे वाले जंगल में अपनी बकरियां चराने ले जाता था। यहां बड़ी-बड़ी और मुलायम घास बकरियों को आसानी से उपलब्ध हो जाती थी। रामदीन पढ़ा-लिखा नहीं था। बचपन में मात्र चार-पांच दिन ही स्कूल गया था। उसका स्कूल में मन नहीं लगा तो स्कूल जाना छोड़ दिया। उसने घर में अपनी बकरियों को चराने की जिम्मेदारी ले ली।

उस दिन बकरियां जंगल में घास चर रही थीं। रामदीन कोई गीत गुनगुनाते हुए पटरियों के किनारे टहल रहा था। अचानक उसकी नजर रेल की टूटी पटरी पर पड़ी। वह चौंका, 'हे भगवान! यहां तो रेल की पटरी टूटी हुई है। रेल आएगी तो दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगी।'

रामदीन ने सोचा गांव जाकर लोगों को खबर करे, लेकिन गांव दूर था। दोपहर बाद शाम शुरू होते ही आने वाली ट्रेन का टाइम हो रहा था। वह सोच में पड़ गया, यदि ट्रेन आ गई तो भयंकर दुर्घटना हो जाएगी। ना जाने कितनी जानें चली जाएंगी, कितने लोग हताहत हो जाएंगे। दोपहर खत्म हो रही थी। ठीक इसी समय ट्रेन आती थी, रामदीन को पता था। क्योंकि रोज वह बकरियों को चराकर इसी समय अपने गांव की ओर वापस लौटता था। वह जाती हुई उस ट्रेन के यात्रियों को हाथ हिलाकर अभिवादन करता था। यात्री भी उसे इस तरह हाथ हिलाते देखकर मुस्कुराते हुए अपने हाथ हिलाकर उसके अभिवादन का जवाब देते थे।

रामदीन का दिमाग सुन्न हो रहा था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, करे तो क्या करे? कैसे ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाए? उसे अचानक याद आया, जब वह बचपन में चार-पांच दिन के लिए स्कूल गया था तो मास्टर जी ने बच्चों को बताया था कि यदि आपातकाल में कभी ट्रेन रुकवानी पड़े तो तुम किसी भी लाल रंग के कपड़े को ट्रेन के ड्राइवर को दिखाओ, ड्राइवर ट्रेन रोक देगा, क्योंकि लाल रंग खतरे का प्रतीक होता है। ड्राइवर समझ जाएगा कि आगे कहीं कुछ खतरा है, इसलिए ट्रेन रुकने का इशारा किया जा रहा है।

रामदीन ने अपने कपड़े देखे। उसने देखा, गले में लाल रंग का गमछा पड़ा हुआ है। उसने अपने डंडे में गमछे के दोनों सिरों को बांधा और पटरी के पास खड़ा हो गया। कुछ ही देर में उसे दूर से ट्रेन के आने की आवाज सुनाई दी। वह डंडे में बंधे लाल गमछे को हिलाते हुए ट्रेन की दिशा में दौड़ पड़ा।

ड्राइवर ने दूर से ही देख लिया था, एक व्यक्ति लाल रंग का कपड़ा लहराते हुए ट्रेन की तरफ आ रहा है। वह समझ गया कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है, उसने ट्रेन रोक दी।

ट्रेन रुकने के बाद ड्राइवर, गार्ड, टीटी और कुछ यात्री उतर कर रामदीन के पास आए। उसने सबको ट्रेन की टूटी पटरी दिखाई। टूटी पटरी देखकर लोग दंग रह गए। ड्राइवर बोला, 'आपने एक बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बचाई है, लोगों की जान बचाई है।'

तुरंत स्टेशन से इंजीनियरों की टीम बुलाकर पटरियों की मरम्मत करवाई गई। ट्रेन जब अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई तो टीटी, ड्राइवर, गार्ड और यात्रियों ने हाथ हिलाकर रामदीन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

शाम होते ही रामदीन अपनी बकरियों को लेकर घर आ गया। रात को जब रामदीन अपनी खाट पर सोने के लिए लेटा तो सोच रहा था- 'मैं जब चार-पांच दिन स्कूल गया तो मुझे इतना ज्ञान मिल गया कि एक ट्रेन के कितने सारे लोगों की जान बचा ली। अगर लंबे समय तक शिक्षा ग्रहण की होती तो मैं ना जाने कितने और बड़े-बड़े काम करने के लिए समक्ष हो जाता।'

उसी रात रामदीन ने मन ही मन संकल्प लिया कि वह तो अनपढ़ रह गया, लेकिन अपने बच्चों को अनपढ़ नहीं रहने देगा। जल्द ही अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराएगा। *

खरी-खरी / अशोक अंजुम

## चुनावी मौसम में




बेईमानी, झूठ के सब कारखाने चल पड़े।
लो सभी नेता स्वयं को आजमाने चल पड़े।
जो सदा करते रहे बातें उजालों की यहां,
वे तिमिर के वंशजों के गीत गाने चल पड़े।
आ गया मतदान का मौसम, 'रे पंछी जाग जा'
फिर शिकारी वायदों के लेके दाने चल पड़े।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित




इस सृष्टि की संपूर्ण शक्ति की स्रोत आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का पर्व नवरात्र, आगामी मंगलवार से आरंभ हो रहे हैं। इस दौरान प्रकृति भी अपना पुराना आवरण त्याग कर नया स्वरूप धारण करती है। ऐसे संक्रांति काल में पवित्र मन से उपासना करने पर मां शक्तिस्वरूपा की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।

# चैत्र नवरात्र शक्ति की कामना का उत्सव

आस्था / सरस्वती रमेश

धार्मिक ही नहीं ज्योतिष की दृष्टि से भी चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दौरान सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। यह अपनी आत्मशक्ति को जागृत करने और सात्विक गुणों को विकसित करने के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। नवरात्र में हम देवी के नौ रूपों की अर्चना करते हैं। असल में ये नौ रूप हमारी विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार, उनकी शुद्धि से जुड़े हुए हैं। तरह-तरह की तामसिक प्रवृत्तियां हम सब के इर्द-गिर्द विचरण करती रहती हैं। नवरात्र के दौरान किया जाने वाला तप, उपवास हमें इन नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त कर शुद्ध और सृजनशील बनाता है। इसलिए चैत्र नवरात्र को आध्यात्मिक साधना से शक्ति अर्जित करने का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है।

## संपूर्ण सृष्टि की स्रोत आदिशक्ति

यह संपूर्ण सृष्टि, शक्तिस्वरूपा में निहित सृजनात्मकता का प्रतिफल है। इस सृजनात्मकता का आरंभ आदिशक्ति से माना जाता है। हमारी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस सृष्टि के सृजन के लिए आदिशक्ति के अंश स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव की उत्पत्ति हुई थी, जिन्होंने इस ब्रह्मांड की परिकल्पना की। नवरात्र पर्व स्त्री शक्ति की इसी सृजनात्मकता और उसके अनगिन रूपों की आराधना का पर्व है। आदिशक्ति संसार की सभी शक्तियों का केंद्र बिंदु हैं। इसलिए नवरात्र में देवी की उपासना से हमें मानसिक, आध्यात्मिक हर तरह की शक्ति प्राप्त हो सकती है। हमारी वैदिक संस्कृति के अनुसार प्रत्येक नारी अपने आप में दैदीप्यमान ज्योतिर्मयी सत्ता है। यानी आदिशक्ति का ही प्रतीक रूप। अपने भीतर की शक्ति को जागृत करने के लिए आदिशक्ति से शक्ति की कामना का ही पर्व है नवरात्र।

## उपवास से उपासना

नवरात्र के नौ दिन साधना और संयम के साथ आत्मजागरण करने का अवसर होता है। बिना संयम और चित्त पर नियंत्रण किए साधना नहीं की जा सकती। चित्त के हठीले संस्कार, लोभ, ईर्ष्या, जड़ता, भय जैसी नकारात्मक शक्तियां हमारे आगे बढ़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा होती हैं। इनसे पार पाने के लिए नियमित साधना आवश्यक है। नवरात्र के दौरान किए जाने वाले उपवास से इस साधना पथ पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। साधना हमारे भावनात्मक संतुलन को साधती है। आंतरिक शक्ति का विस्तार कर संकल्पों को साकार करने में मदद करती है। मानसिक विकारों को दूर करती है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए सात्विक शक्तियों का बीजारोपण करती है।




## साधना का उद्देश्य

नवरात्र में उपवास और साधना का उद्देश्य स्व को परिमार्जित करना होता है। जिस तरह हमारा बाहरी व्यक्तित्व हमारे कपड़ों, गहनों और आचार-विचार से निर्धारित होता है, ठीक उसी तरह हमारा आंतरिक व्यक्तित्व आत्मसंयम, आत्मबल, इच्छाशक्ति, विवेक और ज्ञान से परिभाषित होता है। साधना के द्वारा ज्ञान और विवेक अर्जित किया जा सकता है। इसके अलावा साधना आत्म से साक्षात्कार का सबसे बड़ा माध्यम होती है। आत्म से साक्षात्कार समस्त शक्तियों और ज्ञान के मूल से परिचित होना है। बिना आत्म से मिले हुए कोई भी साधना अपूर्ण ही मानी जाएगी क्योंकि आत्म से मिलन अपनी चेतना में आदिशक्ति के अंश को पहचानना है। उसे अपने भौतिक जीवन में उतारना है। उसकी प्रेरणा से अपने जीवन की दिशाएं तय करना है।

## उपासना से होता है कल्याण

चैत्र मास में प्रकृति अपने सुंदरतम रूप में व्याप्त होती है। प्रकृति का यह उल्लास पूरे वातावरण पर प्रभाव डालता है। मान्यता है कि इस दौरान आध्यात्मिक साधना करने वालों पर सृष्टि में पर्याप्त सकारात्मक ऊर्जा दैवीय अनुकंपा के रूप में बरसती है। इस तरह प्रकृति से प्राप्त ऊर्जा का संयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से होता है। साधक के मन-मस्तिष्क और आचार-विचार का कायाकल्प हो जाता है। यानी हर तरह से हमारा कल्याण होता है। आत्मचेता मनुष्य सिर्फ अपने जीवन में बदलाव नहीं लाते बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाकर जीवन में सार्थकता लाते हैं। *

### स्त्रियों में विद्यमान देवी अंश

**शक्ति स्वरूपा** देवी का अंश स्त्रियों में भी विद्यमान होता है। इसीलिए उनकी ऊर्जा निरंतर और अक्षुण्ण होती है। बात संस्कार की हो या समर्पण की, कर्तव्य की हो या अपनत्व की इस सांसारिक यात्रा में स्त्रियां निरंतर सक्रिय रहती हैं, अपना दायित्व निभाती रहती हैं। उनमें मौजूद विभिन्न गुणों के आधार पर ही उन्हें लक्ष्मी, सरस्वती, काली और दुर्गा का अंश कहा जाता है। हम नवरात्र में दुर्गा जी की आराधना अवश्य करें लेकिन साथ ही शक्ति का अंश धारण करने वाली स्त्रियों को भी घर, बाहर और समाज में हर जगह आदर-सम्मान देना कभी ना भूलें।

# इंद्रधनुषी पर्व-संस्कृति का गुलदस्ता है बैसाखी

आगामी 13 अप्रैल को बैसाखी का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व जहां एक तरफ किसानों के उल्लास का प्रतीक है तो साथ ही यह कई धर्मों के अनुयायियों के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इसे देश में कई रूपों में मनाया जाता है।

पर्वोल्लास
दिव्यज्योति 'नंदन'



बैसाखी एक ऐसा पर्व है, जिसके नाम लेते ही मन में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे सिख समुदाय के हमारे भाइयों की भांगड़ा करती छवि तैर जाती है। लेकिन बैसाखी सिर्फ पंजाब, हरियाणा भर का त्योहार नहीं है।

**फसल तैयार होने का उल्लास:** बैसाखी का यह पर्व होली के बाद रबी के फसल के पककर तैयार हो जाने और किसान भाइयों द्वारा इसकी भीनी-भीनी खुशबू से रोमांचित होकर दर्शाई गई खुशी और उमंग का नाम है। चूंकि रबी की फसल सिर्फ पंजाब, हरियाणा या उत्तर भारत में ही नहीं पैदा होती बल्कि पूरे भारत में थोड़े-थोड़े अंतराल के बीच दस्तक देती है। इसलिए देश के कई प्रांतों में बैसाखी के आस-पास कई ऐसे पर्व मनाए जाते हैं, जिनका संबंध प्राचीन भारतीय संस्कृति में बहुत गहरे तक जुड़ा हुआ है।

**कई धर्मों से जुड़ा पर्व:** बैसाखी वास्तव में वैशाख मास की संक्रांति है यानी, सौर मास का प्रथम दिन। बैसाखी हिंदू कैलेंडर के वैशाख महीने का अपभ्रंश है। बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में संक्रमण करता है, इस कारण इसे वैदिक संस्कृति और ज्योतिष विधान में मेष संक्रांति या विषुवत संक्रांति भी कहते हैं।


बिहू पर्व पर नाचती-गातीं स्थानीय महिलाएं


बैसाखी विशुद्ध रूप से भारतीय उपमहाद्वीप का सांस्कृतिक पर्व है। इसलिए इसका जितना रिश्ता सिख धर्म से है, उतना ही हिंदू धर्म से भी है और उतना ही हिंदुस्तान में जन्मे बौद्ध और जैन धर्मों से भी है। यही वजह है कि बैसाखी का पर्व किसी न किसी रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। बस फर्क इतना होता है कि अलग-अलग जगहों में इसका नाम अलग-अलग हो जाता है। इसे कहीं बसोआ, कहीं बिसुआ, कहीं जुड़ शीतल, कहीं पोहेला बौसाख, कहीं बिहू, कहीं विशु, कहीं पुथंडु कहते हैं। बैसाखी वास्तव में पकी फसल की सोंधी खुश्बू के उल्लास का पर्व है।

**कई रूपों में मनाते हैं पर्व:** बैसाखी का नाम लेते ही कानों में 'जट्टा आई रे बैसाखी...' की धुन गूंजने लगती है। देश के दूसरे हिस्सों में भी इस दिन सुर और ताल का खूब समां बंधता है। बैसाखी के दिन ही सिखों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का जन्म हुआ था और इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी। मान्यता है कि भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। इसी दिन केरल और तमिलनाडु में बिशु पर्व और असम में बिहू तथा पश्चिम बंगाल में पोएला बैशाख पर्व मनाया जाता है। इस दिन पूरे भारत में लोग पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान करते हैं। दान-पुण्य करते हैं और इन सभी स्नानस्थलों पर लगने वाले मेलों में शामिल होते हैं। पंजाब में तो इस दिन पूरे प्रांत में 100 से ज्यादा जगहों पर छोटे-बड़े मेले लगते हैं। इस दिन लोग सुबह-सुबह नहाकर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। गली-गली में लंगर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर हर तरफ खुशी और उल्लास का वातावरण दिखाई देता है। चित्रकूट और प्रयाग में भी इस दिन पवित्र स्नान और मेलों का आयोजन होता है। उत्तर प्रदेश में खासकर बुंदेलखंड के इलाके में इस दिन लोग नहा-धोकर और पूजा करके सत्तू खाते हैं। देशभर में इस समय गेहूं की फसल कट रही होती है या कटनी शुरू होती है। इसलिए किसान इस त्योहार को फसलों के इर्द-गिर्द नाचते-गाते हुए मनाते हैं।

**सिख समुदाय का पवित्र पर्व:** गुरु गोविंद सिंह ने वैशाख माह की षष्ठी को ही खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख समुदाय के लोग इसलिए भी बैसाखी को बड़े उल्लास से मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 ई. को बैसाखी पर श्री आनंदपुर साहिब में विशेष समागम किया था। इसमें देशभर की संगत ने आकर इस ऐतिहासिक अवसर पर अपना सहयोग दिया था। गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी मौके पर संगत को ललकार कर कहा था, 'देश को गुलामी से आजाद करने के लिए मुझे एक शीश चाहिए।' गुरु साहिब की ललकार को सुनकर पांच वीरों दया सिंह खत्री, धर्म सिंह जट, मोहकम सिंह छीवां, साहिब सिंह और हिम्मत सिंह ने अपने-अपने शीश गुरु गोबिंद सिंह जी को भेंट किए थे। इन्हीं पांच वीरों के जरिए खालसा पंथ की स्थापना हुई थी, जिसने किस तरह संकट से घिरे हिंदू धर्म को बचाया, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। *

# दो महाद्वीपों में फैला देश अजरबैजान

रोचक / मच्छिंद्र ऐनापुरे



इस पृथ्वी पर महाद्वीप, हम इंसानों द्वारा अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए भौगोलिक सीमाओं का उपयोग करके बनाए गए विभाजन हैं। लेकिन अकसर प्रकृति का विभाजन बहुत सख्त नहीं होता और इसीलिए पृथ्वी पर दो महाद्वीपों में फैले देश मौजूद हैं। ऐसा ही एक देश है- अजरबैजान। यह देश पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया की सीमा पर स्थित है, इसलिए यह दोनों महाद्वीपों के बीच विभाजित है। एक तरफ कैस्पियन सागर और दूसरी तरफ काकेशस पर्वत के बीच बसा यह छोटा सा देश हमारे अपने देश के पश्चिम बंगाल राज्य से भी छोटा है।

इस देश की राजधानी बाकू, समुद्र तल से नीचे विश्व की सबसे निचली राजधानी है। बाकू शहर समुद्र तल से 92 मीटर नीचे है। बाकू शहर को वहां बहने वाली तेज हवाओं के कारण 'हवाओं का शहर' भी कहा जाता है। इस शहर में स्थित 'फ्लेम टावर्स' अपने अनूठे डिजाइन के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। ओल्ड सिटी सेंटर में एक पहाड़ी पर स्थित, ये टावर कैस्पियन सागर का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

**देश का इतिहास:** ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में एट्रोपेटस इस भूमि का शासक हुआ करता था। एट्रोपेटस शब्द का अर्थ है 'पवित्र अग्नि की भूमि।' इस देश में स्थित यानरदाग एक ऐसा स्थान है, जहां प्राकृतिक गैस से प्रज्ज्वलित आग देखी जा सकती है और लगातार जलती रहती है, इसलिए यह नाम अग्नि की भूमि से आया होगा। माना जाता है कि इसी एट्रोपेटस से इस देश का नाम अजरबैजान पड़ा।

**अनोखे हैं तीन टावर्स:** यहां स्थित तीन फ्लेम टावरों में सबसे ऊंचा दक्षिण में 39 मंजिला टावर है। इस आवासीय टावर में 130 लक्जरी अपार्टमेंट हैं। उत्तरी कोने में 36 मंजिला टावर में 318 कमरों वाला फेयरमोंट होटल है। पश्चिमी तरफ, कॉर्पोरेट ऑफिसेस वाला टावर है। इन टावरों का निर्माण 2007 में शुरू हुआ और 2012 में इनका निर्माण पूरा हुआ था। इन टावरों का आकार आग की लपटों जैसा है, लेकिन उनकी सतह एलईडी स्क्रीन से बनी है और ये स्क्रीन आग की लपटों का दृश्य प्रदर्शित करती हैं, जिन्हें शहर में कहीं से भी देखा जा सकता है। *

# जब लगाएं परफ्यूम इन बातों का रखें ध्यान

लाइफस्टाइल / किरण भास्कर

मॉडर्न लाइफस्टाइल में आपकी ड्रेस और दूसरी एक्सेसरीज की तरह आपका परफ्यूम भी आपकी पर्सनालिटी को दर्शाता है। कई लोग अपने को रिफ्रेश करने के लिए बार-बार परफ्यूम का छिड़काव करते हैं, जबकि कई लोग ऐसे परफ्यूम लगाते हैं, जिसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। दरअसल, खुशबू में इस्तेमाल किए जाने वाले तेल का महत्व ज्यादा होता है। यही वजह है कि वे परफ्यूम ज्यादा महंगे होते हैं, जिनमें यूज किया गया तेल महंगा होता है।

**परफ्यूम का असर:** विभिन्न इलेक्ट्रो फिजियो-लॉजिकल अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि वास्तव में हमारे परफ्यूम की खुशबू या सुगंध हमारे मूड को तय करती है। यही नहीं फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारे तनाव और भावनाओं से भी सीधे तौर पर होता है। कई अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो गई है कि अलग-अलग तरह की सुगंध अलग-अलग तरह का प्रभाव डालती है। इसलिए हर किसी को यह जानना चाहिए कि उसके मूड का रिमोट आखिर कौन-सा परफ्यूम है और पूरी सजगता के साथ ऐसे परफ्यूम का इस्तेमाल करना चाहिए। अध्ययनों से यह भी साफ हुआ है कि फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारी बेहतर नींद से भी है। इसलिए अपने लिए ऐसे परफ्यूम को चुनें, जो



आपको बेहतर नींद मुहैया कराए। लब्बोलुआब यह कि अपने परफ्यूम को अपने मूड का रिमोट बनाइए।

**जब लगाएं परफ्यूम:** अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट और यूज करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर नियमित परफ्यूम देर तक खुशबू देते हैं। इनमें आमतौर पर 30 प्रतिशत से ज्यादा एसेंशियल ऑयल होता है और ये सुबह से लेकर शाम तक करीब 7-8 घंटे अपनी भीनी-भीनी खुशबू बिखेरते हैं और आप महकते रहते हैं।
- 15 से 22 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम 3 से 5 घंटे तक खुशबू देते हैं। ऐसे परफ्यूम कलाई और गर्दन पर लगाने चाहिए।
- 8 से 15 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम स्प्रे में आते हैं और इन्हें भी अकसर आम लोग इस्तेमाल करते हैं।
- 4 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम को शरीर के हर हिस्से पर लगाया जा सकता है। यह स्पेशल बोतल में आता है और दो घंटे तक इसकी महक बनी रहती है।
- अगर लंबे समय तक परफ्यूम की खुशबू चाहते हैं तो इसे लगाने के लिए उसकी लेयरिंग टोन को कंसीडर करें और उसी महक को अलग-अलग प्रोडक्ट के रूप में इस्तेमाल करें। शावर या बाथ जैल के अलावा इसे बॉडी में लोशन या स्प्रे के साथ नहाने के बाद बाथ स्प्रे के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब सेंट को परफ्यूम के रूप में इस्तेमाल करें तो इसे नीचे से ऊपर की ओर लगाएं। इससे पूरे शरीर में महक बनी रहती है।
- परफ्यूम को बॉडी प्वाइंट जैसे कोहनियों, बैक, घुटनों, कलाई, गर्दन और वक्ष स्थल में लगाएं, जहां इसकी महक लंबे समय तक रहती है। *



छोटे पर्दे से बड़े पर्दे पर आईं प्राची देसाई का सिक्का ओटीटी पर काफी जम चुका है। इन दिनों वह ओटीटी फिल्म 'साइलेंस : द नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें प्राची का क्या किरदार है? क्या प्राची ने फिल्मों से दूरी बना ली है? करियर से जुड़े अहम सवालों पर प्राची देसाई से खुली बातचीत।

# ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं : प्राची देसाई

खास मुलाकात / पूजा सामंत

ओटीटी की लोकप्रियता को देखते हुए बॉलीवुड और टीवी से जुड़े कई नामी सितारों ने इसकी ओर रुख किया है। इनमें एक और एक्ट्रेस का नाम जुड़ गया है-प्राची देसाई। उन्होंने ओटीटी पर डेब्यू किया था फिल्म 'साइलेंस' से। प्राची ने तेलुगू भाषा के सुपरस्टार नागा चैतन्य के साथ भी एक वेब शो 'धूता' किया है। इन दिनों वह मनोज बाजपेयी के साथ 'साइलेंसःद नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 16 अप्रैल को जी-5 पर रिलीज होगी। पेश है प्राची देसाई से हुई बातचीत के प्रमुख अंश -


'साइलेंस' के एक सीन में मनोज बाजपेयी के साथ प्राची देसाई

**फिल्म के बड़े पर्दे और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करके क्या फर्क पाती हैं?**

मेरी नजर में ओटीटी के लिए शूटिंग करना ज्यादा आसान है। सात-आठ एपिसोड्स की कहानी वाले वेब शो की शूटिंग ज्यादा से ज्यादा एक से डेढ़ महीने में खत्म हो जाती है। फिल्मों में बड़ा ताम-झाम होता है। बल्क में डेट्स ली जाती है। कभी फिल्म की शूटिंग नहीं हो पाई तो पूरा शेड्यूल गड़बड़ा जाता है। मेहनत तो फिल्म और ओटीटी दोनों जगहों पर है ही। वैसे ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं।

**आपने कुछ वर्ष पहले 'साइलेंस' सीजन-1 भी की थी। इसी फिल्म का दूसरा सीजन करने की क्या खास वजह रहीं, यानी आपने इसे क्यों एक्सेप्ट किया?**

2020 के कोरोना लॉक डाउन के दौर में मैंने फिल्म 'साइलेंस' सीजन-1 की थी। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर जॉनर की बहुत दिलचस्प फिल्म है। इस जॉनर की फिल्में आजकल खूब पसंद की जा रही हैं। 'साइलेंस' सीजन 1 की शूटिंग के समय बहुत सारे प्रोटोकॉल निभाने थे। शूटिंग करने की भी इजाजत आसानी से नहीं मिलती थी। इस मुश्किल समय में शूटिंग करना बिल्कुल आसान नहीं था। लेकिन सभी कलाकारों ने मिलजुल कर काम किया। उस अनुभव को, उन दिनों को मैं कभी नहीं भूला सकती। हम बस इंतजार ही कर रहे थे कि कब 'साइलेंस' का दूसरा सीजन बने। जब दूसरे सीजन का ऑफर मिला, इसे एक्सेप्ट करना तो बनता ही था।

**क्या इसकी कहानी-किरदार का आकर्षण नहीं था आपके लिए?**

ऑफकोर्स था। कलाकार के लिए कहानी और किरदार का आकर्षण ना हो तो वह कलाकार कैसा? फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम करना एक बहुत बड़ा आकर्षण किसी भी एक्टर के लिए हो सकता है।

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताएं?**

इस फिल्म में मेरा किरदार इन्वेस्टिगेटिव पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया का है। मेरा किरदार अंडर कवर्ड है। मस्ती-मजाक में भी पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया अपने कर्तव्य को उचित अंजाम देती है।

**अपने किरदार के लिए आपने क्या कोई खास तैयारी की थी? इसके लिए निर्देशक की कोई विशेष हिदायत थी?**

अमूमन पुलिस अफसर जब किसी हीरो को दिखाया जाता है तब उसमें अकसर कई एक्शन सीन होते हैं, लेकिन निर्देशक अबन भरुचा देवहंस, जो एक सक्षम महिला निर्देशक हैं, उन्होंने मेरे किरदार को थोड़ा लाइट हार्टेड बनाया। सभी पुरुष पुलिस वालों में मैं एक महिला पुलिस ऑफिसर हूं, जो कहानी में हल्के-फुल्के संवाद बोलती है, सभी को हंसाती रहती है। संजना के कारण तनाव भरे माहौल में हल्का-फुल्का माहौल बनता है। हालांकि इसमें छोटे-मोटे एक्शन सीन हैं, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। यह मर्डर मिस्ट्री है। कहानी में सभी कड़ियों को जोड़े रखने में संजना कारगर मालूम होती है। इसलिए एक्शन, स्टंट्स करने वाली यह पुलिस अफसर नहीं है। यह संजना दर्शकों को याद रहेगी।

**आप अचानक फिल्मों से गायब हो गईं। अब चार वर्षों बाद ओटीटी पर नजर आ रही हैं? आप फिल्मों से दूर क्यों हुईं?**

मैं फिल्मों में नजर नहीं आई, जिसके कई कारण थे। कोरोना काल के लॉक डाउन में मेरी क्या शायद ही किसी अन्य एक्टर की फिल्म रिलीज हुई हो। मैंने जो फिल्में साइन की थीं, उनमें कोई फिल्म शुरू नहीं हो पाई। मैं अपने पैशन के लिए फिल्में करती हूं, यह जरूरी नहीं मेरी हर वर्ष दो-चार फिल्में रिलीज हों। एक वर्ष में बस एक फिल्म रिलीज हो, जिसे करने में मुझे खुशी हो, इतना काफी है मेरे लिए। मैं बहुत चूजी हूं, जो पसंद आए सिर्फ उसे ही एक्सेप्ट करती हूं। ओटीटी पर जो भी प्रोजेक्ट किए, मेरे परफॉर्मेंस की प्रशंसा हुई। ऐसा नहीं है कि मैं बड़े पर्दे से दूर हो गई हूं।

**'साइलेंस' सीजन-2 के अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इधर और क्या किया है?**

अमेजॉन प्राइम पर 'धूता' रिलीज हुए अभी तीन महीने हुए हैं। इस वेब शो का रिजल्ट काफी उत्साहवर्धक रहा। आठ कड़ियों वाले इस शो का जो फीडबैक मिला, देखकर खुशी हुई। लगा मेरा यह निर्णय सही था कि मैं ओटीटी के नए प्लेटफॉर्म पर खुद को आजमा लूं। विक्रम कुमार इसके निर्देशक हैं, मेरे को-स्टार नागा चैतन्य हैं। मुझे निर्देशक विक्रम कुमार और नागा चैतन्य ने काफी कन्विंस किया कि मैं यह शो कर खुद को आजमाऊं। अगर मेरे लिए यह रिस्क है तो रिस्क लेना सही है। बिना रिस्क, बिना चैलेंज एक एक्टर के रूप में मैं कैसे ग्रो करूंगी? उनके इस तरह समझाने के बाद मैं वेब शो 'धूता' के लिए मान गई। इस वेब शो का यह पहला सीजन है। दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है। *